संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 255
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 19 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



2027 में प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी भाजपा की सरकार : योगी

मुख्यमंत्री ने सपा-कांग्रेस के परिवारवाद, जातिवाद, गुंडाराज और तुष्टीकरण पर साधा निशाना



लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है। हैट्रिक ही नहीं लगेगी, यह रिकॉर्ड भी बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के दम पर पार्टी जनता के बीच जाएगी और जनता–जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त करेगी। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पूरी दमदारी के साथ उत्तर प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की, प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने में सफल होगी। किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश की नई पहचान पर जिसे भी गौरव की अनुभूति होती है, वह भाजपा सरकार को तीसरी बार मौका देगा। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पांच वर्ष लगातार मुख्यमंत्री रहने के बाद फिर चुनाव जीता और दोबारा पांच वर्ष तक अपनी सरकार लगातार चलाई। भाजपा पहले भी कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और इस बार भी नया रिकॉर्ड बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कल्पना करिए, क्या इंडी गठबंधन की किसी सरकार में या समाजवादी पार्टी की सरकार में यह सुशासन यूपी के अंदर या किसी अन्य राज्य के अंदर कोई देख सकता था? भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह करोड़ों कार्यकर्ताओं के कैडर बेस वाली पार्टी है, जिसमें किसी परिवार का नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता के मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों का महत्व है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर उत्तर प्रदेश को सुरक्षित बनाने का लक्ष्य पूरा हुआ है। भयमुक्त वातावरण होना चाहिए और सुरक्षा सबको मिलनी चाहिए। सपा और कांग्रेस की अराजकता, उनका जंगलराज, उनका गुंडाराज, थाना, तहसील, जिला को बंधक बनाने की उनकी कुत्सित चेष्टाएं जो रही हैं, जब भी उनको मौका मिला है, इस कानून–व्यवस्था की ध्वस्त स्थिति, कर्फ्यू, दंगा, लूट–खसोट, इन सभी मुद्दों को लेकर के भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगियों के साथ इस चुनाव में जाएगी। 80–20 के मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ये उपलब्धियां पहले भी हासिल कर चुकी है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के शासनकाल पर हमला करते हुए कहा कि योजनाओं पर ही परिवार का वर्चस्व नहीं था, बल्कि यूपी की पूरी राजनीति तुष्टीकरण की पराकाष्ठा पर चल रही थी। कानून–व्यवस्था में बदलाव को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने एचसीएल टेक के लखनऊ कैंपस का उदाहरण दिया। 2017 में इस कैंपस में केवल 100 लोग काम करते थे, जबकि आज यहां उत्तर प्रदेश के 18,000 युवा कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैंपस में काम करने वाली कई बेटियां बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ के अलग–अलग इलाकों से आती हैं। सुरक्षित वातावरण का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाएं बढ़ी हैं। एचसीएल ने फॉक्सकॉन के साथ मिलकर प्रदेश में पहली सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है और काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार ने इन्वेस्टर्स समिट किया था, लेकिन एक भी इन्वेस्टर लखनऊ आने को तैयार नहीं था। उन्होंने कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिए पाखंड का सहारा लेता हो और नोएडा इसलिए न जाता हो कि कहीं कुर्सी चली न जाए, उस राज्य का बेड़ा गर्क होना ही होना था। जिस राज्य का मुख्यमंत्री दंगाइयों को स्टेट प्लेन से बुलाकर मुख्यमंत्री आवास को कलंकित करता हो, उन्हें माला पहनाता हो, उस राज्य का बेड़ा गर्क होना ही था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दंगाइयों को सम्मानित नहीं किया जाता है, उसके दगापन का उपचार किया जाता है, उसको दाग दिया जाता है।

जम्मू-कश्मीर: लश्कर का आखिरी स्थानीय आतंकी ढेर

अमित शाह ने जवानों को दी बधाई, बोले- बेहतर तालमेल का परिणाम



> घाटी में लश्कर के आखिरी सक्रिय स्थानीय आतंकी लतीफ भट को आज सुबह कुलगाम में एक ऑपरेशन में मार गिराया गया। इस पूरे ऑपरेशन में बहुत अच्छा तालमेल देखने को मिला।
> *अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री*

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू–कश्मीर के कुलगाम में लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के आखिरी ज्ञात सक्रिय स्थानीय आतंकवादी लतीफ भट के मारे जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि बुधवार तड़के चलाए गए अभियान में सुरक्षा बलों ने लतीफ भट को मार गिराया। वहीं, उसका एक आतंकी सहयोगी उमर निसार भी इससे एक दिन पहले कुलगाम में मारा गया था। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस पूरे अभियान को जम्मू–कश्मीर पुलिस (जेकेपी), भारतीय सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और खुफिया एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से अंजाम दिया गया। गृह मंत्री ने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहद उच्च स्तर का तालमेल देखने को मिला। उन्होंने जम्मू–कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों के बहादुर जवानों को सलाम करते हुए कहा कि देश उनके साहस को नमन करता है। आतंकी लतीफ भट के मारे जाने के बाद भाजपा नेता रविंदर रैना ने कहा, हमारे जवानों ने लश्कर–ए–तैयबा के कुख्यात आतंकवादी लतीफ भट को मार गिराकर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है, जिस पर लाखों रुपये का इनाम था। सुरक्षा बलों ने उसे सरेंडर करने का पूरा मौका दिया, यहां तक कि उसके परिवार वालों को भी बुलाया, लेकिन वह एक मस्जिद के अंदर छिप गया। हमारी सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने मस्जिद का पूरा सम्मान बनाए रखा; इसकी दीवारों पर एक भी गोली नहीं लगी और उसे तभी मार गिराया गया जब उसने भागने की कोशिश की। बता दें के सुबह आतंकी लतीफ भट को सुरक्षाबलों ने बार–बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया।

गृह मंत्री अमित शाह का 20 नवंबर से अरुणाचल प्रदेश दौरा, कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर अरुणाचल प्रदेश पहुंचेंगे और इस दौरान वह पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे, सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को यह जानकारी दी। शाह का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब राज्य में प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा सीमावर्ती सुरक्षा और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास को लेकर भी चिंताएं बनी हुई हैं। खांडू ने यहां संवाददाताओं को बताया कि गृह मंत्री पुलिसकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए पदक प्रदान करेंगे। इसके अलावा राज्य की प्रगति, विकास संबंधी प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर चर्चा के लिए एक समीक्षा बैठक भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अरुणाचल प्रदेश के हितों और विकास को लेकर सजग हैं। राज्य की समस्याओं पर चर्चा के लिए एक समीक्षा बैठक प्रस्तावित है।'' उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्री के पास होने के कारण बैठक में कानून–व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मामलों की जिम्मेदारी विदेश मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आती है। खांडू ने बताया कि गृह मंत्री के दो सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित हैं। इनमें से एक बांदेरदेवा स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) में और दूसरा ईटानगर के आईजी पार्क में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अपने निर्धारित कार्यक्रम पूरे करने के बाद गृह मंत्री 22 नवंबर को नयी दिल्ली लौटेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने आजम खां की अंतरिम जमानत पर रोक लगाने से किया इनकार, कल फिर सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां की अंतरिम जमानत पर रोक लगाने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, कोर्ट ने ईडी की याचिका पर कल सुनवाई करने पर सहमति जताई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को आजम खां को अंतरिम जमानत दी थी। ईडी ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष मौखिक रूप से इस मामले का जिक्र किया और आज ही तत्काल सुनवाई की मांग की। एएसजी ने हाईकोर्ट की इस शुरुआती टिप्पणी पर आपत्ति जताई कि गिरफ्तारी श्दुर्भावनापूर्णश थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या संबंधित अधिकारी को पक्ष बनाए बिना ऐसी टिप्पणी की जा सकती है? एएसजी ने कहा, यह आदेश जल्दबाजी में पारित किया गया। हमें पूरा जवाब दाखिल करने का समय भी नहीं मिला। यह सुनवाई के पहले ही दिन हो गया। उन्होंने आगे कहा कि यह अंतरिम आदेश एक अंतिम आदेश की तरह है। उन्होंने बताया कि आजम खां की गिरफ्तारी के आधार बताने की कोशिश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जब सीजेआई ने मामले को कल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई, तो राजू ने श्यथास्थितिश बनाए रखने का आदेश देने की मांग की और कहा, वरना वह बाहर आ जाएंगे। हालांकि, पीठ ने यथास्थिति बनाए रखने की इस मौखिक मांग को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने कहा, कोई आसमान नहीं टूट पड़ेगा, उन्हें अंतरिम जमानत पर रहने दें।

पेज नंबर 201 पर विवाद: शिवसेना नेताओं ने फाड़ी सोनिया गांधी की किताब, बैन की मांग



मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में बुधवार को एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। शिवसेना ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यह मांग किताब में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के बारे में की गई टिप्पणियों को लेकर की गई है। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, शिवसेना के कई नेताओं ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने सावरकर के अपमान पर एक शब्द भी नहीं कहा है। इसके बजाय, उन्होंने कहा कि उद्धव ने कांग्रेस से यह किताब स्वीकार कर ली है। शिवसेना नेताओं ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में सावरकर का अपमान किया है। उन्होंने किताब में लिखा है कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी और उन्हें पत्र लिखे थे। यही आरोप लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी कई बार लगा चुके हैं। उन्होंने महाराष्ट्र की सत्ताधारी श्महायुतिश सरकार जिसमें शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं – से भी इस किताब पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा उन्होंने किताब में जो बातें लिखी हैं, वे असल में प्रेम की यात्रा नहीं, बल्कि नफरत की यात्रा हैं... उनके मन में वीर सावरकर के प्रति लगातार नफरत रही है जो भारत के महान क्रांतिकारी और महाराष्ट्र के ऐसे सपूत हैं, जिन्हें पूरा राज्य देवता की तरह पूजता है। उन्होंने आगे कहा उनके दिल में हिंदुओं के प्रति पक्की नफरत है; इसी किताब में उन्होंने शायद यह भी लिखा है कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद उनकी आँखों में आँसू आ गए थे। लेकिन, जब भगवान राम के मंदिर को तोड़कर वहाँ मस्जिद बनाई गई थी, तो उस घटना से उन्हें कोई दुख नहीं हुआ। अपने संस्मरण में, सोनिया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सावरकर की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफ़ी मांगी थी, जो उनके औपनिवेशिक आका थे। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अंग्रेजों के हाथों हमले और जेल की सजा झेली थी।

जायरीनों के मोबाइल चुराने वाले 5 शातिर गिरफ्तार, 25 फोन बरामद

अजमेर, एजेंसी। अजमेर शरीफ दरगाह में दर्शन के लिए आने वाले जायरीनों के मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में एक गिरोह के पांच सदस्यों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी के 25 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और स्थानीय लोगों तथा होटल संचालकों से मिली जानकारी के आधार पर जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में आने वाले जायरीनों को निशाना बनाने और उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने बताया, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरगाह थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद आमिर (20), मोहम्मद गयासुद्दीन (20), फरदीन खान (21), शेख फरहान आलम (23) और मोहम्मद शाहिद (21) के रूप में हुई है।

राहुल गांधी के बोलने से केंद्र को परेशानी, पवन खेड़ा ने साधा भाजपा पर निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को देश की अर्थव्यवस्था की बदहाली, महंगाई और बेरोजगारी की चिंता नहीं है, बल्कि उसे इस बात की परेशानी है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष इन मुद्दों पर बोलते हैं और दुनिया उनकी बात सुनती है।



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताएं उसकी प्रतिक्रियाओं से उजागर हो जाती हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''अगर अर्थव्यवस्था की दुर्दशा है तो उससे सरकार को कोई चिंता नहीं है। सरकार को महंगाई से चिंता नहीं है, सरकार को बेरोजगारी से चिंता नहीं है। सरकार को चिंता है कि इस बारे में राहुल गांधी बोलें नहीं और दुनिया सुने नहीं।'' खेड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार को अर्थव्यवस्था की हालत और उसकी सेहत की चिंता नहीं है, बल्कि उसकी परेशानी राहुल गांधी के बोलने और दुनिया द्वारा उनकी बात सुने जाने को लेकर है। उन्होंने कहा, ''ये है सरकार की प्राथमिकताएं! सरकार के लोग हर बार बेनकाब हो जाते हैं।'' भाजपा ने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बुधवार को आलोचना की और कहा कि वह ''भारत विरोधी दुष्प्रचार के नेता'' हैं जो विदेशी धरती पर बार–बार देश की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। कई वैश्विक एजेंसियों के अनुमानों का हवाला देते हुए भाजपा ने कहा कि दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक मानती है लेकिन गांधी भारत को एक ''आर्थिक आपदा'' के रूप में पेश करने में जुटे हैं। गांधी ने मंगलवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में एक अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत ''आर्थिक आपदा'' के कगार पर है, जहां बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है, विनिर्माण क्षेत्र की बुनियाद कमजोर हो गई है और शिक्षा व्यवस्था में गहरी समस्याएं हैं।

निर्वाचन आयोग की टीम 19 नवंबर को आगरा में परखेगी यूपी की चुनावी तैयारियां

नई दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल 19 नवंबर को आगरा में उत्तर प्रदेश की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह समीक्षा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में अगले साल की शुरुआत में संभावित विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में आयोग का दल हाल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ मंडलों में जमीनी स्तर पर चुनावी तंत्र की तैयारियों का जायजा लेने मेरठ गया था। राज्य में समीक्षा का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। आयोग उत्तराखंड, मणिपुर और पंजाब का दौरा पूरा कर चुका है, जबकि गोवा का दौरा प्रस्तावित है। निर्वाचन आयोग ने हाल में 17 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) का आदेश देते हुए कहा था कि इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 मई 2027 को समाप्त होगा। वहीं, मणिपुर, गोवा, पंजाब और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च 2027 में अलग–अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत निर्वाचन आयोग विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से छह महीने पहले भी चुनाव करा सकता है। चुनावी तैयारियों के तहत उत्तर प्रदेश और गोवा में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) इकाइयों की प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) भी शुरू हो गई है।

कांग्रेस ने सरकार को घेरा, खरगे बोले–

भाषण की लंबाई नहीं, थाली और जेब से मापी जाएगी तरक्की

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की प्रधानमंत्री के भाषणों की लंबाई से नहीं मापी जाएगी। इसे आम लोगों की थाली में मौजूद खाने और उनकी जेब में बचे पैसों से मापा जाएगा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार ने 12 साल पहले महंगाई कम करने का वादा किया था। लेकिन इसका नतीजा उल्टा निकला। आम लोगों को कम सामान मिल रहा है। उनकी जेब खाली हो रही है। जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मोदी जी ने महंगाई कम करने का



> मोदी जी ने महंगाई कम करने का वादा किया था। आज हालात ऐसे हैं कि आम आदमी की थाली छोटी होती जा रही है। उसकी जेब खाली होती जा रही है। घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है।
> *मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष*

वादा किया था। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि आम आदमी की थाली छोटी होती जा रही है, उसकी जेब खाली होती जा रही है और घर चलाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने आगे सवाल किया, श्मोदी जी, देश की तरक्की का पैमाना आपके भाषणों की लंबाई नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली में खाना और उसकी जेब में बचा पैसा है। आपकी आर्थिक बदइंतजामी की कीमत आखिर लोग कब तक चुकाते रहेंगे? खरगे ने दावा किया, मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल में महंगाई का बोझ लगातार बढ़ा है। लोग बेबस हैं। उन्होंने 2014 और 2026 के दामों की तुलना करते हुए कहा, 2014 में महंगाई कम करने का वादा किया गया था। लेकिन 2026 में लोगों की जेब पर बोझ बढ़ गया है।

खरगे के मुताबिक, 2014 से 2026 के बीच जरूरी चीजों के दाम इस तरह बढ़े–

गेहूं का आटाः 21 रुपये से बढ़कर 69 रुपये हो गया।

अरहर की दालः 75 रुपये से बढ़कर 180 रुपये हो गई।

सरसों का तेलः 102 रुपये से बढ़कर 263 रुपये हो गया।

दूधः 36 रुपये से बढ़कर 85 रुपये हो गया।

चावलः: 29 रुपये से बढ़कर 71 रुपये हो गया।

उन्होंने कहा, अब अक्तूबर में खाद्य महंगाई दर 8.94 फीसदी तक पहुंच गई है। थोक महंगाई दर 12.29 फीसदी हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक सर्वे का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 61 फीसदी परिवारों का घरेलू जरूरतों पर हर महीने होने वाला खर्च पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है।

वहीं, 74 फीसदी लोगों को गैर–जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है।

संपादकीय

एआई के संकल्प

ऐसे वक्त में जब दुनिया में तकनीकी वर्चस्व वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के केंद्र में आ गया है, 'सैन 'फ्रांसिस्को घोषणा' के गहरे निहितार्थ और महत्व को समझना कठिन नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस घोषणा पर अमेरिका और भारत सहित नौ अन्य विकसित देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता इस बात पर जोर देता है कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के बल पर ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वैश्विक आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर घोषणा का एक अघोषित उद्देश्य इस उभरती हुई नई प्रौद्योगिकी में चीन के निरंतर बढ़ते दबदबे का मुकाबला करना भी है। चीन ने एक सुनियोजित ढंग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में व्यापक और दीर्घकालीन निवेश किया है। इसमें दो राय नहीं कि उसकी उपलब्धियां अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देने वाली हैं। यही वजह है कि अमेरिका ने 'सैन फ्रांसिस्को घोषणा' को हकीकत बनाने को प्राथमिकता दी है। अमेरिका दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका के चलते इस दौर को 'सुपर इंटेलिजेंस युग' का नाम देता है। अमेरिका की 'पैक्स सिलिका' पहल एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करती है कि दुनिया का कोई भी देश अकेले बूते पर बेहद जटिल प्रक्रिया वाले एआई इकोसिस्टम की हर कड़ी को सुरक्षित नहीं कर सकता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर निर्माण से लेकर ऊर्जा नेटवर्क और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक, तकनीकी प्रगति आपस में जुड़ी वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भर करती है। इस शृंखला में किसी भी तरह का अवरोध किसी भी देश के आर्थिक ढांचे को गहरे तक प्रभावित कर सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो इन नेटवर्कों में यदि किसी भी तरह का व्यवधान पैदा होता है तो उसके दूरगामी आर्थिक और भू–राजनीतिक दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। जो किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिये, इस सुपर इंटेलिजेंस युग वाले दौर में तमाम चुनौतियां खड़ी कर सकता है। निश्चित रूप से 'सैन फ्रांसिस्को घोषणा' पर भारत का हस्ताक्षर करना एआई के दौर में हमारी उपलब्धियों की वैश्विक स्वीकार्यता का ही परिचायक है। भारत के लिए अमेरिका और अन्य विकसित देशों के साथ शामिल होना जहां एक ओर अच्छा रणनीतिक अवसर है, वहीं देश को जिम्मेदारियों का अहसास भी कराता है। भारत हालिया वर्षों में एक उभरते हुए टेक्नोलॉजी बाजार के रूप में सामने आया है। भारत की महत्वाकांक्षा वैश्विक सेमीकंडक्टर और मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की रही है। हाल के वर्षों में भारत ने आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और कई मध्यपूर्व के देशों के साथ मजबूत व्यापारिक साझेदारियां की हैं। जाहिर तौर पर ये विकसित व मजबूत आर्थिक देश जब कोई साझेदारी करते हैं तो उन्हें कुछ पाने की ही उम्मीद होती है। ऐसे में भारत इन मजबूत साझेदारियों, विभिन्न आपूर्ति शृंखलाओं, निवेश और उन्नत तकनीकों का बेहतर ढंग से लाभ उठा सकता है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि इन भरोसेमंद साझेदारों के साथ सहयोग करने से भारत पहले की तरह चंद देशों पर अत्यधिक निर्भरता कम कर सकता है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में एक देश पर निर्भर रहना आर्थिक संप्रभुता के लिये चुनौती बन सकती है। ऐसे में नये भरोसेमंद साझेदारों के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मदद मिल सकती है। विडंबना यह भी है कि यह घोषणा ऐसे समय में सामने आई है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति की अगुवाई करने वाली शीर्ष कंपनियों में से एक–एनवीडिया विवादों में घिरी है और उसके शेयरों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। विवाहेतर संबंधों व कथित चीनी जासूस से संबंधों को लेकर इसके संस्थापक जेनसेन हुआंग को एनवीडिया से बाहर जाना पड़ा है। इस अनिश्चितता के बीच, टेक कंपनियों द्वारा एनवीडिया की चिप्स और डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर में किए जा रहे भारी निवेश की निरंतरता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। निस्संदेह, अमेरिका के नेतृत्व वाली इस पहल की सफलता टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, निवेश और मजबूत घरेलू क्षमताओं पर निर्भर करेगी। अंततरू एआई आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने का मतलब सिर्फ तकनीक पर नियंत्रण रखना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है एआई के फायदे भरोसेमंद हों, सभी की पहुंच में हों और इसे व्यापक रूप से साझा किया जा सके।

ईरान के खिलाफ युद्ध के अगले चरण की तैयारी?

असद मिर्जा

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ

यॉर्क में इजरायली और अमेरिकी बयान तैयारी और प्रतिरोध पर जोर देते नजर आ रहे हैं, मगर ईरान पर हमले के किसी घोषित फैसले का संकेत नहीं देते। कुल मिलाकर यह सैन्य तैयारी, कूटनीतिक दबाव और क्षेत्रीय जोखिमों का अस्थिर मेल है, जिसका असर ऊर्जा सुरक्षा, जहाजरानी और भारत के रणनीतिक संतुलन तक पहुंचता है। ईरान के साथ संभावित नई जंग के लिए इजरायली–अमेरिकी तैयारियां तेज हो रही हैं। रिपोर्टों के मुताबिक बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के दिनों में रोजाना डोनाल्ड ट्रंप को फोन कर नए हमलों पर जोर दिया, जबकि वाशिंगटन कूटनीति और दबाव के बीच संतुलन तौल रहा है। न्यूयॉर्क में इजरायल हयोम समिट में दिए गए बयान तैयारी को रेखांकित करते हैं, मगर किसी तात्कालिक हमले की पुष्टि नहीं करते। इजरायल हयोम समिट्य एक अखबार द्वारा आयोजित सम्मेलन है, कोई सरकारी या सैन्य योजना मंच नहीं। इसका न्यूयॉर्क में दूसरा संस्करण 11 नवंबर को मैनहट्टन में हुआ, जिसमें इजरायली और अमेरिकी राजनीतिक व सुरक्षा हस्तियों ने द्विपक्षीय संबंधों और कूटनीति पर चर्चा की। इजरायली रक्षा कंपनी आईएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ बोआज लेवी ने इजरायली समाचार–पत्र हयोम को इंटरव्यू दियाय लेकिन उनकी बातें उनका निजी आकलन हैं, युद्ध का आधिकारिक इजरायली फैसला नहीं। टाइम्स ऑफ इजरायल और एक्सियोस ने इजरायली व अमेरिकी सूत्रों के हवाले से अलग–अलग बताया कि नेतन्याहू ने हालिया कॉल में ट्रंप से जल्द ईरान पर हमला करने को कहा। उधर लेवी ने 11 नवंबर की समिट में कहा कि इजरायल को ईरान के साथ एक और युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए, और सवाल श्अगरच्य का नहीं बल्कि कब का है। लेवी ने ईरानी मिसाइल बौछारों के खिलाफ एरो मिसाइल रक्षा प्रणाली के प्रदर्शन का जिक्र किय, 92 प्रतिशत इंटरसेप्शन दर का दावा किया, और कहा कि इजरायल और अमेरिका इंटरसेप्टरों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं और अधिक ऊंचाई पर रोकने की क्षमता चाहते हैं। उन्होंने एक इजरायली उपग्रह का भी जिक्र किया जो लड़ाकू पायलट को वास्तविक समय में दिशा देता है। ये बयान अहम हैं, मगर रक्षा उद्योग के प्रमुख के हैं, सरकारी घोषणा नहीं। उसी समिट में अमेरिकी बयान अधिक राजनीतिक थे। इजरायली समाचार–पत्र हयोम के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने ईरानी शासन को पहले से अधिक कमजोर बताया और कहा कि अब्राहम समझौते फैल रहे हैं। सितंबर में अल–मॉनिटर को एक अलग इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि ईरान के लिए वार्ता में लौटने का दरवाजा खुला है और समय वाशिंगटन के पक्ष में है। यानी दबाव और कूटनीति साथ–साथ चल रही रणनीतियां दिखती हैंय यह एक और हमले की सार्वजनिक अमेरिकी प्रतिबद्धता नहीं है। सैन्य तैयारियों की खबरों के बीच यह अंतर बेहद अहम है। एनपीआर ने अक्टूबर में अमेरिकी–इजरायली युद्ध योजना से वाकिफ एक व्यक्ति के हवाले से बताया कि दोनों देश अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद संभावित हमले की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि सैन्य जमावड़े का मकसद तेहरान पर समझौते के लिए दबाव डालना भी हो सकता है। यह दावा एक अनाम सूत्र से जुड़ा था, आधिकारिक नीति के रूप में घोषित नहीं। लेवी के बयान दीर्घकालिक तैयारी की धारणा को मजबूत करते हैं, मगर किसी आसन्न कार्रवाई की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करते और न उसके उद्देश्य बताते हैं। क्षेत्रीय सुरक्षारू प्रतिरोध, तनाव और गलत आकलन पहला क्षेत्रीय निहितार्थ यह है कि मिसाइल रक्षा को स्थायी जरूरत माना जा रहा हैय लेवी के ब्योरे से झलकता है कि इजरायल की नजर में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता भविष्य की सुरक्षा योजना में केंद्रीय रहेगी। बेहतर इंटरसेप्शन हमले के अपेक्षित नुकसान को घटाकर प्रतिरोध को मजबूत कर सकता है। लेकिन यह सुरक्षा की गारंटी नहीं हैरू ऊंची इंटरसेप्शन दर के बावजूद मिसाइलें गिर सकती हैं, और लंबे या बार–बार के हमलों में इंटरसेप्टरों की लागत और उपलब्धता बाधा बन सकती है। 92 प्रतिशत का आंकड़ा हयोम के अनुसार लेवी का दावा है, स्वतंत्र रूप से सत्यापित आंकड़ा नहीं। व्यापक खतरा सुरक्षा दुविधा का है। इजरायल जिन तैयारियों को रक्षात्मक कहता है, यानी ज्यादा इंटरसेप्टर, बेहतर सेंसर और अंतरिक्ष आधारित तालमेल, तेहरान उन्हें नए आक्रामक कदम की नींव मान सकता है। तब ईरान अपनी सैन्य तैयारियों या क्षेत्रीय जहाजरानी और बुनियादी ढांचे पर दबाव से प्रतिरोध बहाल करने की कोशिश कर सकता है। नतीजा ऐसा चक्र हो सकता है जिसमें हर पक्ष कहे कि वह अगला हमला रोक रहा है, जबकि दूसरे में पहले निशाना बनने का डर बढ़ता जाए। वाल्ट्ज का यह कहना कि ईरान कमजोर है, भी जोखिम बन सकता है, अगर इसे दबाव की कामयाबी और उसे और बढ़ाने का सबूत मान लिया जाए। दूसरी ओर वार्ता की तत्परता कूटनीति की गुंजाइश छोड़ती है। विकल्प सिर्फ श्हमला या वार्ताच्य नहीं हैरू सैन्य तैयारी वार्ता को सहारा दे सकती है, लेकिन अगर नेता युद्ध को सार्वजनिक रूप से अपरिहार्य बताएं तो समझौते की गुंजाइश घट भी सकती है।

भाजपा साध रही परिसीमन और महिला आरक्षण पर दोहरा निशाना

डॉ. ज्ञान पाठक

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद के विशेष सत्र की योजना बनायी है ताकि संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और महिला आरक्षण बिल फिर लाया जाये, जिस पर चर्चा भी तेज कर दी गयी है। हालांकि भाजपा के पास लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में दो–तिहाई बहुमत नहीं है, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कथित तौर पर कहा है कि ये विधेयक 15–18 वोटों के अंतर से पारित हो जाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 12 नवंबर को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गृह मंत्री ने आज पत्रकारों के एक समूह से अनौपचारिक बातचीत के दौरान श्परिसीमनश के मुद्दे को फिर से हवा दी है। उन्होंने आज दोपहर बताया कि जल्द ही संसद का 3 दिवसीय विशेष सत्र बुलाया जाएगा और ये बिल 15–18 वोटों के अंतर से पारित कर दिए जाएंगे। रमेश ने आगे कहा, उन्होंने सात महीने पहले भी यही बात कही थी, लेकिन 17 अप्रैल को लोकसभा में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था, जहां वे बहुमत के आंकड़े से 50 से अधिक वोट पीछे रह गए थे। वे सिर्फ डींगें हांकने और झांसा देने में माहिर हैं। उनका बुलडोजर तब भी काम नहीं आया था और आगे भी काम नहीं आएगा। 13 अगस्त को संसद के मानसून सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद से ही विशेष सत्र बुलाए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, क्योंकि सत्र का सत्रावसान नहीं किया गया था। इससे यह कयास लगाए जाने लगे कि सरकार विवादित बिलों को पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुला सकती हैकृवही बिल जो बजट सत्र के दौरान पारित नहीं हो पाए थे। चूंकि सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है, इसलिए केवल दो दिन के नोटिस पर विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। वहीं, शीतकालीन सत्र 30 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच शुरू होने की संभावना है, जिसके लिए 14 दिन के नोटिस की आवश्यकता होती है। हालांकि विशेष सत्र की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन मीडिया में यह मान लिया गया है कि यह सत्र आयोजित होगाकृ भले ही सरकार इन बिलों को पारित कराने में सफल हो या न हो। भाजपा के इस आक्रामक रुख के पीछे दो मुख्य लक्ष्य हैं। पहला, बिल पास कराने के लिए जरूरी संख्या जुटाना। दूसरा, विपक्ष की उस एकजुटता को कमजोर करना जो उन्होंने हाल ही में सीईसी और एसआईआर से जुड़े आंदोलनों के दौरान दिखाई थी। इसके अलावा, इसका एक मकसद 2027 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को प्रभावित करना भी है। उत्तर प्रदेश से लोकसभा में सबसे ज्यादा सांसद चुनकर आते हैं, और केंद्र की सत्ता काफी हद तक इसी राज्य पर निर्भर करती है। ऐसी खबरें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिसीमन और महिला आरक्षण बिल पर समर्थन पाने के लिए डीएमके और शरद पवार की एनसीपी को कैबिनेट में जगह देने का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले, इन दोनों पार्टियों ने संकेत दिया था कि वे परिसीमन बिल का समर्थन कर सकती हैं, बशर्ते उनके राज्योंकृतमिलनाडु और महाराष्ट्रकृके हितों की रक्षा की जाए। हालांकि, दोनों पार्टियां एक मुश्किल स्थिति में हैं। वे शायद ही कैबिनेट में कुछ सीटों के लिए अपनी पूरी राजनीतिक पहचान और भविष्य को दांव पर लगाना चाहें, खासकर तब जब इससे केवल भाजपा के राजनीतिक हितों को ही फायदा पहुंचे। भाजपा को यह बात पता है, लेकिन वह लगातार यह आख्यान आगे बढ़ा रही है कि उनके पास पर्याप्त बहुमत है और वे 15–18 सीटों के अंतर से बिल पास करा लेंगे। यह दावा विश्वसनीय नहीं लगता, क्योंकि 543 सदस्यों वाली लोकसभा में एनडीए के पास केवल 319 सांसद हैं, और 250 सदस्यों वाली राज्यसभा में सिर्फ 154 सांसद हैं। लोकसभा में अभी तीन सीटें खाली हैं, इसलिए भाजपा को बिल पास कराने के लिए लोकसभा में 360 और राज्यसभा में 163 वोटों की जरूरत होगी। भाजपा का कहना है कि लोकसभा में उनके पास 320 वोट हैं। अगर यह मान भी लें, तब भी दोनों सदनों में जरूरी संख्या का बड़ा अंतर है, जिससे इन बिलों के पास होने की कोई संभावना नहीं दिखती। इसके बावजूद, भाजपा इन बिलों को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उनका मकसद सिर्फ विपक्ष से समर्थन पाना नहीं है। वे इंडिया गठबंधन की पार्टियों से अलग–अलग बात करके विपक्ष को कमजोर करना चाहते हैं और गठबंधन का नेतृत्व कर



रही कांग्रेस को अलग–थलग करने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा में डीएमके के 22, एनसीपी (शरद पवार) के 8 और झामुमो के 3 सांसद हैं। भाजपा के प्रतिनिधियों ने इन सभी से बातचीत की है। भाजपा लेन–देन की नीति में विश्वास रखती है, और ऐसी खबरें हैं कि उन्होंने इन दलों को कैबिनेट में जगह और अन्य फायदे देने का लालच दिया है। भाजपा इस संभावना पर काम कर रही है कि अगर ये दल उनके पक्ष में वोट नहीं दे सकते, तो कम से कम वोटिंग से दूर ही रहें। इससे दो–तिहाई बहुमत के लिए जरूरी वोटों की संख्या कम हो जाएगी। राज्यसभा में, डीएमके सांसदों की गैर–मौजूदगी में भी, एनडीए को दो–तिहाई बहुमत के लिए 157 वोटों की जरूरत होगी। ऐसे में एनडीए को बीजेडीऔर वाईएसआरसीपी के समर्थन की आवश्यकता होगी, जो फिलहाल न तो एनडीए का हिस्सा हैं और न ही इंडिया गठबंधन का। भाजपा के कुछ नेताओं का कहना है कि वे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) से भी बातचीत कर रहे हैं। लोकसभा में अभी समाजवादी पार्टी के पास 37 सीटें हैं। राज्य में चुनाव होने वाले हैं, इसलिए समाजवादी पार्टी परिसीमन का विरोध नहीं कर सकती, क्योंकि इस प्रक्रिया से राज्य को सबसे ज्यादा फायदा होगा साथ ही, समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ भी नहीं जा सकती, क्योंकि इससे उनके राजनीतिक भविष्य पर बुरा असर पड़ सकता है। लेकिन ये तर्क बचकाने हैं। समाजवादी पार्टी इस समय इंडिया गठबंधन का साथ नहीं छोड़ सकती, क्योंकि ऐसा करना पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या के समान होगा। फिर भी, भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच के तालमेल को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रही है। वह सपा को मनाने की कोशिश कर रही है कि वे वोटिंग से दूर रहें। इससे दो–तिहाई बहुमत के लिए जरूरी वोटों की संख्या कम हो जाएगी, और तभी बिल पास हो पाएगा। भाजपा का मानना है कि अगर वे संसद में बिल पास नहीं भी करा पाते हैं, तो भी वे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के खिलाफ यह प्रचार कर सकते हैं कि ये पार्टियां उत्तर प्रदेश–विरोधी और महिला–विरोधी हैं। इससे राज्य में भाजपा के सत्ता में बने रहने की संभावना बेहतर हो जाएगी। इंडिया गठबंधन को भाजपा की इस रणनीति के बारे में पहले से पता है। वे संसद में इन बिलों को एकजुट होकर हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और साथ ही उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में भाजपा की चाल को भी नाकाम करने के लिए तैयार हैं। डीएमके, एनसीपी (शरद पवार) और सपा के क्षेत्रीय हित, कांग्रेस के राष्ट्रीय हितों से अलग हैं। परिसीमन का समर्थन करना या वोटिंग से दूर रहना, उनके अपने–अपने राज्यों में राजनीतिक आत्महत्या जैसा होगा। वे कुछ समय के फायदे के लिए ऐसा जोखिम नहीं उठा सकते।

प्रदूषणों के बीच पर्व

डॉ. दीपक पाचपोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर छठ पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और इस दिव्य उत्सव को प्रकृति को समर्पित दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम बताया। इस बार बिहार में वोट हासिल करने के लिए भावनाओं को भुनाने की जरूरत नहीं है, तो छठ पर लिखित बधाई देकर ही नरेन्द्र मोदी ने काम चला लिया। वर्ना पिछले साल उन्हें घाट पर अर्घ्य देने का वीडियो बनवाना पड़ा था। हालांकि प्रधानमंत्री के लिए साफ पानी से युक्त घाट बनाया गया था, आम जनता जिस मैले और जहरीले पानी में खड़े होकर पूजा करने और अर्घ्य देने पर मजबूर होती है, उस अभिशाप से प्रधानमंत्री की कुर्सी उन्हें बचा लेती है। वैसे इस बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की भी अर्घ्य देते तस्वीरें आई हैं। छठ जैसे अनूठे और अद्भुत लोकपर्व को बड़ी तेजी से राजनीतिक हथकंडों का जरिया बनाया जा रहा है, यह खतरनाक है। यह एक बड़ी चिंता का विषय है, जिस पर श्रद्धालुओं को ही विचार करना होगा। लेकिन इसके साथ ही एक अन्य बड़ी चिंता और है। पिछले कई सालों की तरह इस बार भी छठव्रतियों को गंदे पानी में खड़े होकर अर्घ्य देना पड़ा। छठ में साफ–सफाई का बड़ा महत्व है। घाटों की सफाई से लेकर घर में बनने वाले प्रसाद तक हर चीज में शुद्धता का खास ख्याल रखा जाता है। लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। अपने घरों पर तो लोग सफाई का ख्याल रख लेते हैं, लेकिन सार्वजनिक घाटों और नदियों को साफ बनाए रखने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की है, जिसे निभाने में वे नाकाम रहे हैं। संपन्न लोग अपने घरों और रिहायशी इलाकों में बने तरणतालों यानी स्वीमिंग पूल्स में खड़े होकर अर्घ्य देने लगे हैं। जबकि गरीब घरों से आने वाले श्रद्धालु किसी तरह अपने लिए किसी नदी, पोखर, नाले के किनारे घाट बना रहे हैं। यह वर्ग विभाजन भी चिंताजनक है, क्योंकि छठ में पहले कभी इस तरह गरीब–अमीर का भेद नहीं होता था। बहरहाल, जलप्रदूषण को रोकने–थामने का एक बढ़िया अवसर छठ पूजा के तौर पर मिलता रहा है, लेकिन अफसोस कि अब प्रदूषण भी राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का जरिया बन चुका है। अभी दिल्ली में ही छठ पूजा से ठीक पहले वजीराबाद, बुराड़ी और सोनिया विहार के पास यमुना नदी की सतह पर बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां तैरती हुई पाई गईं। जिसके बाद आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि यमुना में प्रदूषण और पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर बेहद कम होने की वजह से ये मछलियां मरी हैं।

वहीं सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसे एक सियासी साजिश बताया है और दावा किया है कि बाहर से मरी हुई मछलियां लाकर यमुना में डाली गई हैं ताकि दिल्ली सरकार की छवि खराब की जा सके। इसके बाद सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की शिकायत पर वजीराबाद पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने वीडियो बनाने वाले और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले सुरेंद्र कुमार आजाद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई। अब छठ का पर्व बीत चुका है, और साथ ही इस मुद्दे को भी बीता हुआ मान लिया गया है कि यमुना नदी में मरी हुई मछलियां मिलीं। अगर वाकई किसी ने ऐसी साजिश की थी तो दिल्ली सरकार और पुलिस अब तक उसका पता क्यों नहीं लगा पाई। और अगर ऐसा नहीं था, तो फिर क्या यह नहीं मान लेना चाहिए कि प्रदूषण के कारण ही मछलियां मरी हैं। क्योंकि स्वस्थ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए पानी में घुली हुई ऑक्सीजन कम से कम 5 मिलीग्राम प्रति लीटर होनी चाहिए। इससे स्तर गिरने पर जलीय जीवों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। यह पता लगाना आखिर कितना कठिन काम है कि यमुना नदी के पानी में इस समय ऑक्सीजन का स्तर क्या है। अगर वह मानक से कम है, तो उस पर सुधार की कोशिश होनी चाहिए। ताकि नदी को बचाया जा सके। लेकिन भाजपा सरकार की दिलचस्पी सुधारात्मक कार्य करने की जगह प्रचार पर है। अभी दिल्ली सरकार ने यमुना नदी में नमो यमुना क्रूज सफारी को शुरु किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि पहले यमुना जी में लोग जाने के लिए तरस जाते थे। छठी मैया की पूजा करने के लिए घाट पर नहीं जाने दिया जाता था। लेकिन कमल की सरकार ने पहले ही साल छठ का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि इस साल छठ का पिछले साल से भी ज्यादा भव्य आयोजन होगा। अब कैसा भव्य आयोजन हुआ है यह पूरा देश देख रहा है। जहरीले झाग वाले पानी में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने पूजा की। खैर, यमुना नदी को साफ करने की जगह क्रूज शुरु करके और गंदगी फैलाने का इंतजाम किया गया है। क्योंकि क्रूज प्वाइंट पर खाने–पीने से लेकर खेल आदि कई तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं। ऐसा नहीं है कि केवल यमुना नदी ही गंदी हुई है, 1950 के दशक में इंग्लैंड की टेम्स नदी को भारी प्रदूषण और सीवेज के कारण श्जैविक रूप से मृत्यु घोषित कर दिया गया था। लेकिन फिर 1976 में टेम्स नदी में गिरने वाले सीवेज को बिना उपचार के नहीं छोड़ा जाएगा, इसके कड़े नियम बनाए गए। फिर 25 किलोमीटर लंबा श्टेम्स टाइडवे टनलच्य जैसा सुपर सीवर प्रोजेक्ट पूरा किया गया, इससे टेम्स के पानी को गंदगी से बचाया गया। फिर नदी में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने और मछलियों को मरने से बचाने के लिए 1980 के दशक में श्टेम्स बबलच्य नामक तैरते हुए ऑक्सीजनरेटर लगाए गए। 1989 में मार्गरेट थैचर के कार्यकाल में जल कंपनियों का निजीकरण किया गया और श्राष्ट्रीय नदी प्राधिकरणच्य का गठन हुआ, जिसने औद्योगिक कचरे और रसायनों पर कड़ी नजर रखी।

जागरूकता, चिकित्सकीय सलाह का पालन कर डायबिटीज से बचें : डा लोकेश एम

डायबिटीज के बेहतर प्रबंधन, जटिलताओं की रोकथाम पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एंडोक्राइनोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग की ओर से प्रीतम दास ऑडिटोरियम में डायबिटीज कॉन्क्लेव का आज आयोजन किया गया।

प्रयागराज मंडल के मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. मुख्य अतिथि थे।मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ.लोकेश एम. ने कहा कि "मधुमेह के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय पर जांच, नियमित उपचार और जीवनशैली में जरूरी बदलाव बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करके इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को कम किया जा सकता है। ऐसे शैक्षणिक आयोजन विशेषज्ञों और आमजन तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी पहुंचाने में उपयोगी हैं।

कॉन्क्लेव में चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने मधुमेह की रोकथाम, समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और उससे जुड़ी जटिलताओं पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान होने वाले मधुमेह और उसके प्रबंधन, अस्पताल के सामान्य वार्ड और आईसीयू में बढ़े हुए रक्त शर्करा के उपचार, बच्चों एवं किशोरों में टाइप–1 डायबिटीज तथा मधुमेह से जुड़े मानसिक तनाव पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने डायबिटिक फुट संक्रमण, हड्डी तक पहुंचे संक्रमण और अंग को बचाने के उपायों पर भी व्यावहारिक जानकारी दी।

कॉन्क्लेव में डॉ. अमृता चौरसिया, डॉ. मनोज माथुर, डॉ धर्मेंद्र यादव, डॉ. मनीषा मौर्य,



डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. मोहित जैन, डॉ. विक्रम निगम, डॉ. विभु रंजन खरे और डॉ. स्मृति सिंह सहित विशेषज्ञों ने व्याख्यान एवं सत्रों में भाग लिया। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता डॉ. अनुषा श्रीवास्तव, डॉ. अंशुल सिंह, डॉ. कृष्णा पांडेय, डॉ. राकेश चौरसिया, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. डीके निम, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डॉ. आरके तिवारी, डॉ. सागर श्रीवास्तव, डॉ. आशिष राय, डॉ. कौशलेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. कचनार वर्मा, डॉ. यशार्थ शर्मा, डॉ. संजय सिंह, डॉ. रीना सचान और डॉ. सचिन यादव ने की।

डायबिटीज की सूक्ष्म रक्तवाहिका संबंधी जटिलताओं पर हुए पैनल में डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. अजीत चौरसिया, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. सौम्या गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ सिंह और डॉ. सुजीत वर्मा शामिल थे। संचालन डॉ. विभु रंजन खरे ने किया। मधुमेह के बहु–अंग प्रभावों पर चर्चा में डॉ. विकास सचदेवा, डॉ. पीयूष सक्सेना, डॉ. के.के. सोनकर, डॉ. संदीप प्रजापति और डॉ. अम्बरदीप त्रिपाठी ने भाग लिया। सत्र का संचालन डॉ. स्मृति सिंह ने किया।

मेडिकल छात्रों के लिए आयोजित डायबिटीज क्विज में डॉ. विभु रंजन खरे, डॉ. अर्चना ओझा और डॉ. अभिषेक द्विवेदी ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का स्वागत डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. सुबिया अंसारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विभु रंजन खरे ने किया।

बढ़वारी कला में पंचायत उत्सव भवन की टेंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग

करीब 1.49 करोड़ रुपये से होना है निर्माण, समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बढ़वारी कला में शासन से स्वीकृत पंचायत उत्सव भवन के निर्माण को लेकर निविदा (टेंडर) प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। करीब एक करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित इस परियोजना में कथित अनियमितता और निर्धारित नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के लिए पहले ग्राम पंचायत स्तर से निविदा आमंत्रित की गई थी। आरोप है कि निर्धारित समयावधि में किसी भी व्यक्ति की ओर से निविदा प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके बाद उक्त प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इसके पश्चात जनपद स्तर पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर दोबारा निविदा प्रक्रिया संपन्न कराई गई। हालांकि, दोबारा कराई गई इस प्रक्रिया को लेकर अब सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता की ओर से ग्राम प्रधान एवं सचिव सहित संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया है कि निविदा प्रक्रिया में शासन द्वारा निर्धारित नियमों और मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। साथ ही निविदा में शामिल एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद), तकनीकी अभिलेखों और अन्य जरूरी दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर भी संदेह जताया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बढ़वारी कला निवासी समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने जिलाधिकारी प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने निविदा प्रक्रिया में शामिल सभी प्रतिभागियों के दस्तावेजों, एफडीआर, तकनीकी योग्यता और अन्य जरूरी अभिलेखों का संबंधित स्तर से सत्यापन कराने की मांग उठाई है। साथ ही कहा है कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्रमोद मिश्र पयासी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन कर पंचायत उत्सव भवन की निविदा प्रक्रिया से जुड़े अभिलेखों, निविदा आमंत्रण, प्राप्त आवेदनों, एफडीआर और अन्य संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां भी मांगी हैं। अब इस मामले में जिला प्रशासन की जांच और संबंधित विभाग से मिलने वाले अभिलेखों के आधार पर ही निविदा प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। करीब 1.49 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को लेकर उठे सवालों पर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर ग्रामीणों की निगाहें टिकी हैं।

शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारीरिक संबंध, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और उसके जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसके जेवर भी ले लिए। जब उसने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। साथ ही जेवर देने से भी इंकार कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने अब्दुल हसीन उर्फ अलीम अंसारी निवासी मिन्हाजपुर, समीरा होटल के पास, प्रयागराज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

दाल, तेल, चीनी और महंगी, रसोई का बिगड़ा बजट

प्रयागराज। तीन महीने से चना, अरहर दाल और सरसों तेल के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है। आटा, मैदा और चीनी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दाम भी बढ़ते जा रहे हैं। इससे आम आदमी की रसोई का बजट प्रभावित हुआ है और मुश्किलें बढ़ गई हैं।

अरहर की दाल फुटकर बाजार में 150 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। चने की दाल भी 100 से 110 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। एक माह पहले इसकी कीमत 75 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सरसों के तेल के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। सितंबर के पहले सप्ताह में 15 लीटर सरसों तेल 2370 रुपये का था। आठ अक्तूबर को यह बढ़कर 2920 रुपये हो गया।

थोक कारोबारी सुभाष केसरवानी के अनुसार थोक बाजार में अरहर दाल 100 किलोग्राम की कीमत सितंबर में 11500 रुपये थी। अक्तूबर के पहले सप्ताह में यह 13000 रुपये हो गई और वर्तमान में 13800 रुपये है। चना दाल 100 किलोग्राम सितंबर में 8000 रुपये थी, जो अक्तूबर में 9000 रुपये हुई। नवंबर में मंगलवार को यह बढ़कर 13800 रुपये हो गई है। मूंग की दाल भी थोक में 11 हजार रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है।

फुटकर कारोबारी अंकित केसरवानी के अनुसार, चीनी 70 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। सरसों का तेल 210 रुपये प्रति लीटर के भाव पर उपलब्ध है। आटा 100 किलोग्राम का थोक दाम वर्तमान में 3240 रुपये है, जो फुटकर में 36 रुपये प्रति किलोग्राम है। मैदा का थोक दाम 3300 रुपये प्रति 100 किलोग्राम और फुटकर दाम 40 रुपये प्रति किलोग्राम है।

जनगणना में दोहरी ड्यूटी की समस्या शीघ्र होगी खत्म : डा संतोष राय

मामले के विरोध में डीआईओएस से मिला एकजुट का प्रतिनिधि मण्डल

समस्या का शीघ्र निस्तारण ना होने पर शुरू होगा व्यापक आंदोलन : डा हरि प्रकाश यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) प्रयागराज का प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव के नेतृत्व में आज डीआईओएस डा संतोष कुमार राय से आज कार्यालय में मिला। इस दौरान डीआईओएस के उस आदेश जिसमे कहा गया था कि षशिक्षक पहले विद्यालय जाकर पढ़ाई कराएंगे उसके पश्चात अपने जनगणना क्षेत्र में जाकर जनगणना कार्य करेंगेष के आदेश के विरोध में संरक्षक ने डीआईओएस से अपनी बात रखी।



डीआईओएस डा संतोष कुमार राय ने समस्या सुनी। उन्होंने माना कि वास्तव में समस्या बड़ी है। जल्द ही आज रात तक या कल तक कोई नया व्यवहारिक आदेश दिया जायेगा। एकजुट के प्रदेश संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव ने कहा कि समस्या का अगर शीघ्र निस्तारण नहीं होता है तो शिक्षक सडक पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होगे। इस मौके पर एकजुट के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मंडलीय मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह, जिला मंत्री डीपी यादव, लालमणि यादव, जिला कोषाध्यक्ष अरुण सिंह, दिनेश यादव, आशीष गुप्ता, महेंद्र यादव, सोनू सिंह, अनुभान सिंह, पुरुषोत्तम वर्मा,अशोक पटेल, कमलेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र हो निस्तारण : देवेन्द्र श्रीवास्तव

शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सीएम को संबोधित कर बीएसए को सौपा

सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय में जुटे बडी संख्या में शिक्षक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर शिक्षक अपनी 12 सूत्रीय मांगो के समर्थन में जनपद प्रयागराज के हजारों शिक्षकों ने लम्बित मांगो के समर्थन में प्रयागराज के सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय एकत्र होकर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगो का ज्ञापन बीएसए अनिल कुमार के माध्यम से मुख्यमत्री को भेजा।

धरना स्थल पर दोपहर से भारी संख्या में परिषदीय शिक्षक पहुंचना शुरू हो गये और सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय प्रांगण खचाखच भ गया। धरने की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने अब तक ना पुरानी पेंशन लागू किया है और ना वेतन विसंगति दूर की है, ना ही आज तक टीईटी अनिवार्यता पर ना तो कोई ठोस कद उठाया है। उन्होने कहा कि गैर टीईटी पास शिक्षकों को समय सीमा शर्त के साथ पदोन्नति दी जाय व एसटीएफ द्वारा शिक्षकों के प्रमाण–पत्र की जांच को रोककर खण्डपीठ में अपील की जाय। उन्होंने कहा कि शिक्षक जब सरकार के हर कार्य जैसे– जनगणना, एसआईआर, मतदान इत्यादि मे पूर सहयोग कर कार्य पूर्ण करवाता है तो शिक्षकों की जायज मॉगों को वर्षो से लम्बित रखना सरकार की मंशा पर सवाल उठाता है इसलिए यदि सरकार ने जल्द ही मांगे पूरी नहीं की तो प्रयागराज का शिक्षक प्रदेश नेतृत्व के आवहन पर लखनऊ कूच करने को मजबूर होगा।

इस दौरान जिलामंत्री शिवबहादुर, जिला कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, सुनीता तिवारी, मसूद अहमद, राजेंद्र कनौजिया,सैयद बहार आलम, हरित जदली, राधेकृष्ण , बालेन्द्र पाण्डेय,अरुण श्रीवास्तव अमर सिंह राजेंद्र कुशवाहा, बृजेश सिंह , मनोज श्रीवास्तव, नागेन्द्र प्रताप सिंह, मो हसीब अहमद सिध्दकी, दीप नारायण यादव, मनी लाल, धर्मराज यादव, शेखर सरन राय, कृष्ण कान्त कुशवाहा, सुभाष चन्द यादव, अमानुल्लाह, दीपचंद, प्रेम चन्द्र पटेल, रावेंद्र नाथ मिश्रा, अतुल कुमार कन्नौजिया ,रानी गुप्ता, रवि शंकर द्विवेदी, सुधाकर द्विवेदी, मुचकुन्द मिश्र, राजेश कुमार यादव, डॉ हरीश चन्द्र यादव, अतीक अहमद, डॉ. एसपी सिंह, सरोज कुमार सिंह, महेन्द्र सिंह, इन्द्मणि यादव उमा शंकर यादव, राकेश मिश्र, सूबेदार सिंह, अनिमेष कुमार श्रीवास्तव, अश्विनी वर्मा, अनुराग पाण्डेय, हेमन्त त्रिपाठी, चिन्तामणि त्रिपाठी, मो. समी, मो तैयब, गजाला, मनोज मिश्र, रमाशंकर पाण्डेय, कुलदीप सिंह, सूर्यकांत सिंह, मनोज श्रीवास्तव, जियाउद्दीन, धर्मेन्द्र सिंह आदि शिक्षक शिक्षिका धरने में शामिल रहे।

सनातन धर्म के गौरव है पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री : स्वामी शाडिल्य महराज

बागेश्वर धाम के पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सनातन गौरव सम्मान

रामानुज पीठ श्रृंगवेरपुर धाम ने कुण्डा कथा में किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज/प्रतापगढ़ । पीठाधीश्वर, श्रृंगवेरपुर धाम श्रीमद् जगद्घ्गुरु रामानुज समानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने प्रतापगढ़ के कुण्डा के भदरी में चल रही श्रीराम कथा में बागेश्वर धाम के पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सनातन धर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आज अंगवस्त्रम कर माल्यार्पण करके सनातन गौरव सम्मान पत्र से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सनातन धर्म के गौरव है जो सनातन धर्म को संरक्षण देते हुए उसको संरक्षित करते हुए बढा रहे है। स्वामी शाडिल्य महराज ने सनातन गौरव सम्मान पत्र में लिखा है कि परम श्रद्धेय पं. आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आपके द्वारा सनातन धर्म की दिव्य परंपराओं, वैदिक संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय धार्मिक मूल्यों के संरक्षण, संवर्धन तथा व्यापक प्रचार – प्रसार के लिए किए जा रहे अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी कार्यों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान प्रकट करते हुए रामानुज पीठ श्रृंगवेरपुर धाम, प्रयागराज की तरफ से आपको यह ष्सनातन गौरव सम्मानष सादर समर्पित किया जाता है। आपने अपनी ओजस्वी वाणी, आध्यात्मिक विचारों एवं धर्ममय संदेशों के माध्यम से समाज में सनातन संस्कृति के प्रति आस्था, श्रद्धा एवं जागरूकता का संचार किया है। आपके प्रयास भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आपके उज्जवल आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान के प्रति सादर अभिनंदन एवं मंगलकामनाएं। पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जगदगुरू स्वामी शाडिल्य महराज को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



कार्यकर्ता नींव की ईंट, मेरी जीत कार्यकर्ताओं को समर्पित : डॉ. मानसिंह यादव

पार्टी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बोले नव निर्वाचित सपा एमएलसी

पूर्व विधायक डॉ0 अजय भारतीय एवं विदुप अग्रहरि का सपा में शामिल होने पर हुआ स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नवनिर्वाचित एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव एवं समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व विधायक डॉक्टर अजय भारती एवं पूर्व सांसद श्यामा चरण के पुत्र विदुप अग्रहरि का आज समाजवादी पार्टी महानगर इकाई की ओर से पार्टी के कार्यालय जार्ज टाउन मे भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन एडवोकेट एवं संचालन महसचिव रविंन्द्र यादव ने किया।

इस इस मौके पर नवनिर्वाचित एमएलसी डॉक्टर मानसिंह यादव ने कहा की कार्यकर्ता ही राजनैतिक ईमारत के नींव की ईंट होते हैं। उनकी मजबूती और उनका समर्पण ही किसी भी राजनीतिक दल को आगे बढ़ता है मेरी जीत का श्रेय उन सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है जिन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में भरोसा करके पूरी शिद्दत ईमानदारी के साथ चुनाव में सहयोग किया।

हाल ही में सपा में शामिल हुए पूर्व विधायक डॉ अजय भारतीय एवं विदुप अग्रहरि ने सपा नेतृत्व के प्रति आस्था, नीतियों में भरोसा जताते हुए अपनी घर वापसी बताया। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने नव निर्वाचित एमएलसी को संविधान की किताब देकर सम्मानित किया वहीं महिला नेत्री श्रीमती पद्मा यादव ने चांदी का मुकुट पहनाया। कई नेताओं एवं पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र देकर तथा फूल मलाओ से



स्वागत किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा के प्रदेश महासचिव प्रकाश उर्फ लल्लन राय, मुस्ताक काजमी,दान बहादुर मधुर,दिलीप सोनी, महबूब उस्मानी, वजीर खां, तारिक सईद अज्जू, लाल चंद्र कुशवाहा, मयंक जोंटी, मो अजहर, दिनेश यादव,श्रीकांत यादव, महेन्द्र निषाद, सचिन श्रीवास्तव,सविता कैंथवास, प्रवीण केसर्वानी, राजेश गुप्ता, अमित गुप्ता, सुभाष गुप्ता,देवीलाल, संतोष यादव, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, ओ पी पाल, मो दानिश, चंचल पासी, सुषमा यादव,मेराज, शमशाद अहमद, सचिन यादव, शिव शंकर वर्मा, दिलीप यादव, आसुतोष तिवारी,प्रभात यादव, ताहिर, आसिफ,माशाहद अली खां, आदि मौजूद रहे।

संगम में डूबे महाराष्ट्र के श्रद्धालु का 48 घंटे बाद मिला शव, उसी स्थान पर गहराई में मिला

प्रयागराज। संगम में स्नान की आस्था भरी यात्रा महाराष्ट्र के एक परिवार के लिए कभी न भूलने वाला दुख बन गई। सोमवार को डूबे दामाजी महादेव पाकमोडे का शव बुधवार को उसी स्थान पर मिला, जहां वह लापता हुए थे। दो दिन से पत्नी और बच्चे उनकी सलामती की उम्मीद लगाए बैठे थे।

संगम में स्नान के दौरान डूबे महाराष्ट्र के श्रद्धालु दामाजी महादेव पाकमोडे (45) का शव 48 घंटे बाद बुधवार को बरामद कर लिया गया। जिस स्थान पर वह डूबे थे, उसी जगह गहराई में उनका शव मिला। दो दिनों से गोताखोर और जल पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बता दें कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे संगम नोज के पास स्नान के दौरान दामाजी गहरे पानी में डूब गए थे। आरोप है कि नाविकों ने श्रद्धालुओं को जल्दबाजी में उतारने के चक्कर में सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की। नाव से उतरते समय सुरक्षा जाली के पास लगी लकड़ी की बल्ली टूट गई, जिससे दामाजी का संतुलन बिगड़ गया और वह तेज बहाव की चपेट में आ गए। दामाजी को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने करीब 15 मिनट तक मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई उन्हें बचाने के लिए आगे नहीं आया। सूचना मिलने पर पहुंचे गोताखोरों और जल पुलिस ने कई घंटे तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन पहले दिन उनका पता नहीं चल सका।

निर्माण कार्यों की धूल सांस के मरीजों की दुश्मन

प्रयागराज। शहर में सड़क और पुल निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी से फैल रहा धूल का गुबार सांस रोगियों के लिए बड़ा संकट बन गया है। बदलते मौसम के बीच यह स्थिति क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित मरीजों के लिए गंभीर खतरा है। एसआरएन अस्पताल के टीबी चेस्ट विभाग में रोजाना चार से पांच मरीज सांस संबंधी परेशानी लेकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, निर्माण कार्यों के दौरान मिट्टी, सीमेंट, बालू और अन्य सामग्री से निकलने वाले महीन कण हवा में घुलकर सांस के जरिये शरीर में पहुंचते हैं। लंबे समय तक इनके संपर्क में रहने से श्वसन तंत्र प्रभावित होता है। विशेष रूप से सीओपीडी के मरीजों में खांसी, सांस फूलने, सीने में जकड़न और बलगम जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कई बार प्रदूषण और धूल के कारण बीमारी का अचानक बढ़ना भी संभव है। मौसम में उतार–चढ़ाव भी सांस के मरीजों की परेशानी बढ़ा सकता है। तापमान में बदलाव, ठंडी हवा और वातावरण में मौजूद प्रदूषक कण श्वसन नलिकाओं को प्रभावित करते हैं। ऐसे में निर्माण स्थलों के आसपास रहने वाले बुजुर्गों, बच्चों और पहले से सांस संबंधी बीमारी से जूझ रहे लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। यह फेफड़ों की एक गंभीर और लंबे समय तक चलने वाली (क्रोनिक) बीमारी है। इसमें फेफड़ों में हवा का प्रवाह बाधित हो जाता है और सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

सदर विधानसभा से भाजपा टिकट के लिए प्रवीण पाण्डेय ने जताई दावेदारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रवीण पाण्डेय ने फतेहपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनने की आकांक्षा जताई है। उन्होंने कहा कि



राजनीति उनके लिए पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि समस्याओं को उठाना ही काफी नहीं, उनका स्थायी समाधान जरूरी है। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद सिर्फ चुनाव तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए स्थायी जनसंपर्क कार्यालय, नियमित जनसंवाद और क्षेत्र में निरंतर प्रवास उनकी प्राथमिकता रहेगी। विकास के लिए उन्होंने पढ़ाई, कमाई और दवाई को मूल मंत्र बताया। युवाओं को स्थानीय रोजगार, स्वरोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, किसानों की खुशहाली, महिलाओं की सुरक्षा और सड़क, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने हर छह महीने में सार्वजनिक रिपोर्ट कार्ड जारी करने की प्रतिबद्धता जताई, जिसमें किए गए कार्यों और लंबित समस्याओं का पूरा विवरण होगा।

खेल मैदान के निर्माण से लेकर तकनीकी बारीकियों तक का दिया प्रशिक्षण

स्पर्धा माड्यूल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, 100 शिक्षक हुए लाभान्वित

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशांबीघ। विद्यालयों में खेल गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने और विद्यार्थियों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मंझनपुर में आयोजित खेल आधारित स्पर्धा मॉड्यूल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। 16 से 18 नवंबर तक चले प्रशिक्षण में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के करीब 100 शारीरिक शिक्षा शिक्षक–शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। उप शिक्षा निदेशकध्डायट



प्राचार्य सुश्री निधि शुक्ला की अगुवाई व वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को खेलों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खेल आधारित शिक्षण, शारीरिक दक्षता और खेल प्रबंधन की बारीकियों से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों के मैदानों के निर्माण, मानक माप, सीमांकन, संरचना और उनके उपयोग से जुड़े नियमों व तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। शिक्षकों को व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से खेल मैदानों की रूपरेखा तैयार करने और मापन संबंधी तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में डॉ. विवेक कुमार तिवारी प्रवक्ता डायट प्रतापगढ़, विनोद कुमार सहायक अध्यापक श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटरमीडिएट कॉलेज चायल तथा नोडल प्रवक्ता डॉ. देवेश सिंह यादव प्रवक्ता डायट कौशांबी ने विभिन्न सत्रों में तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और आत्मविश्वास विकसित करने का भी सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का विद्यालयों में प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया गया।

तकनीक से शिक्षण को रोचक व प्रभावी बनाने के गुर सीखकर लौटे शिक्षक

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में डिजिटल साक्षरता, एआइ के शैक्षणिक उपयोग और साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशांबी। कक्षाओं में बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मंझनपुर में संचालित एआइ विषयक आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के अष्टम बैच का समापन बुधवार को हो गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आइसीटी) के शैक्षणिक उपयोग की जानकारी दी गई।ध्वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी दक्षता का उपयोग शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई को गुणवत्तापूर्ण, रुचिकर और प्रभावशाली बनाने में करें। तकनीक का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों की समझ, सीखने की गति और शैक्षिक जरूरतों के अनुरूप शिक्षण को बेहतर बनाना होना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा में आइसीटी का परिचय, डिजिटल साक्षरता, साइबर नैतिकता, फेक न्यूज की पहचान और एआइ के शैक्षणिक उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। संदर्भदाता देवेंद्र कुमार सिंह, देवेश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार और दिनेश कुमार यादव ने विभिन्न सत्रों में आइसीटी आधारित मूल्यांकन, विद्यालयों में तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा की बारीकियां समझाईं। एआइ आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता शबीह मुस्तफा के संयोजन में प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान डायट के प्रवक्ता व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर हुई आवाज मुखर, सीएम को संबोधित एसीजेएम को सौंपा गया ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत बुधवार को यहां भी वकीलों का पारा गर्म दिखा। अधिनियम के समर्थन में लालगंज दीवानी अदालत परिसर में वकीलों ने विरोध मार्च निकाला। नारेबाजी कर गेट के सामने घंटो प्रदर्शन किया। वहीं एसीजेएम डॉ. के. मल्लिकार्जुन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजवाया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की सरकार से मांग को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खॉन की अगुवाई में बुधवार को वकीलों ने आम सभा कर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव सौंपा।



इसके बाद वकीलों ने कैम्पस में घूम घूम कर नारेबाजी की। विरोध मार्च के साथ वकील कोर्ट गेट के सामने भी घंटो मांग के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे। आम सभा में आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार ने मांग को स्वीकार नही किया तब वकील विधानसभा से लेकर संसद भवन तक का घेराव करेंगे। अनिल तिवारी महेश ने प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर लगातार जानलेवा हमले को चिंताजनक कहा। आमसभा की अध्यक्षता राजेशचंद्र तिवारी व संचालन उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने किया। इस मौके पर दिनेश मिश्र, विपिन शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, रमेश पाण्डेय, विभूति शुक्ला, जितेन्द्र कनौजिया, शशि शेखर पाण्डेय, सह मंत्री सचिन पाण्डेय, आशुतोष सिंह, पवन पाण्डेय, आभा त्रिपाठी, रेनू तिवारी, धीरेन्द्र सिंह, आलोक शुक्ला, आरबी सिंह, रफीक अहमद, मो0 असलम आदि अधिवक्ता रहे।

विधायक मोना के प्रस्ताव को मिली मंजूरी, लालगंज निरीक्षण गृह में बनेंगे चार नए भवन

सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुई दो करोड़ से अधिक धनराशि

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से लालगंज लोक निर्माण विभाग निरीक्षण गृह का शीघ्र कायाकल्प दिखेगा। विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन ने ब्रिटिश शासनकाल के निर्मित निरीक्षण गृह में चार नए सूट के निर्माण को लेकर वित्तीय मंजूरी प्रदान की है। सांसद प्रमोद तिवारी के साथ विधायक आराधना मिश्रा मोना ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लालगंज निरीक्षण गृह के विस्तारीकरण के लिए बीती चौबीस अप्रैल को प्रस्ताव भेजवाया था। प्रस्ताव के तहत शासन ने निरीक्षण गृह में चार



सूट के नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ ग्यारह लाख रूपये की धनराशि मंजूर की है। शासन के संयुक्त सचिव सुबास राम की ओर से सोलह नवंबर को निर्गत शासनादेश में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष चौरासी हजार की पहली किश्त भी जारी की है। 1911 में अंग्रेजी शासन काल में लखनऊ–वाराणसी मार्ग पर लालगंज में निरीक्षण गृह का निर्माण हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंहा राव के तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक प्रमोद तिवारी के अनुरोध पर लालगंज में हुए आगमन को लेकर इसका जीर्णोद्धार भी कराया गया था। निरीक्षण गृह में चार नये भवन बन जाने से प्रशासनिक बैठकों आदि का भी बेहतर प्रबन्ध हो सकेगा। यह जानकारी बुधवार को विधायक मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विज्ञप्ति में दी है।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की तैयारियां शुरू, शबद–कीर्तन के साथ निकली प्रभात फेरी

हरिहरगंज, चुना गली और नपी हाता में संगत ने किया भ्रमण, 24 नवंबर को गुरुद्वारे में मनेगा प्रकाश उत्सव

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा फतेहपुर की ओर से श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी की अगुवाई में निकली प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिख संगत शामिल हुई। इस दौरान शबद–कीर्तन और गुरु महिमा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर हरिहरगंज, चुना गली एवं नपी हाता सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में शबद–कीर्तन करते हुए गुरु नानक देव जी के उपदेशों का स्मरण किया। प्रभात फेरी के दौरान संगत में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गुरु की वाणी का श्रवण कर नमन किया। भ्रमण के बाद प्रभात फेरी वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से बताया गया कि गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश उत्सव 24 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों और शबद–कीर्तन का आयोजन



होगा। प्रकाश पर्व को लेकर संगत में उत्साह है और तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर जतिंदर पाल सिंह, मंजीत सिंह, चरनजीत सिंह, ज्ञानी प्रीतम सिंह, परमजीत सिंह, परविंदर सिंह, नरिंदर सिंह, वरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, अनमोल सिंह, जसवीर सिंह, हरमिंदर सिंह, हरजीत कौर, हरविंदर कौर, मंजीत कौर, ईशर कौर, सतबीर कौर, जसपाल कौर, खुशी, हरमीत कौर, प्रभजीत कौर, वरिंदर कौर एवं वीर सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

संत रामपाल की धार्मिक प्रचार सामग्री की जांच की मांग, संगठन ने सौंपा ज्ञापन

भगवती मानव कल्याण संगठन ने धार्मिक भावनाएं आहत करने और वैमनस्य फैलाने का लगाया आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। संत रामपाल और उनसे संबंधित संस्थाओं की प्रचार गतिविधियों को लेकर



भगवती मानव कल्याण संगठन ने आपत्ति जताई है। बुधवार को संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुस्तकों, प्रवचनों और सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संत रामपाल और उनके अनुयायियों से जुड़े कुछ प्रचार माध्यमों के जरिए भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, माता दुर्गा सहित अन्य हिंदू देवी–देवताओं और धार्मिक परंपराओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि चारों वेद, श्रीमद्भगवद्गीता, उपनिषद, रामायण और श्रीरामचरितमानस के प्रकाशित अनुवादों में मूल ग्रंथों से अलग व्याख्याएं प्रस्तुत की जा रही हैं। इसके अलावा अन्य धार्मिक संतों और आध्यात्मिक गुरुओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां किए जाने की शिकायत भी उठाई गई। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित संस्थाओं की पुस्तकों, प्रचार सामग्री और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कराई जाए। यदि जांच में भारतीय न्याय संहिता अथवा अन्य कानूनों के तहत अपराध प्रमाणित होता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, गंगासागर कुशवाहा, श्रीकृष्ण कुमार, सत्यम त्रिपाठी, अजय कुशवाहा, नीरज गुप्ता, अशोक कुमार कश्यप, सुरेंद्र, कमलेश सिंह, कमलेश कुमारी, दीपक कुमार, ज्योति गुप्ता, मेवालाल, सुधा देवी, रानी, प्रभा श्रीवास्तव, केदार सिंह परिहार, राधेश्याम सविता, सर्वेश गुप्ता, अतुल सिंह, विजयपाल, रामशंकर, शिवकुमार बाजपेई, रामबहादुर यादव, अभय सिंह, माया देवी, भारती और मुकेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ से लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक ट्रैक्टर से टकराई, एक की मौत

दो युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर, ट्रैक्टर कब्जे में, चालक फरार

प्रातः काल एक्सप्रेस

धाता/फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के नगरूवा मोड़ के पास ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को सीएचसी धाता पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, भूला गांव निवासी दिनेश कुमार प्रजापति (22) पुत्र सूरजपाल अपने



साथी दीपक कुमार (20) पुत्र शिवमंगल और विक्रम (19) पुत्र तेजबली के साथ प्रतापगढ़ जिले के मनगढ़ घूमने गए थे। बुधवार को तीनों वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते में किसी काम से धाता रुक गए। शाम को तीनों एक ही बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान नगरूवा मोड़ के पास सड़क पार करते समय उनकी बाइक की अज्ञात ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धाता पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई। बताया जाता है कि मृतक के बड़े भाई की भी करीब दस वर्ष पहले दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। अब दिनेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है और दो घायल हैं। हादसे में शामिल ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक फरार है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

धान खरीद में लापरवाही पर एसडीएम सख्त, असोथर मंडी का किया औचक निरीक्षण

दलालों को बाहर करने और सीसीटीवी निगरानी में खरीद कराने का दिया भरोसा

प्रातः काल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। किसानों की शिकायत पर सदर एसडीएम पिनाक पाणिक दुबे ने असोथर मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद केंद्र प्रभारियों अखिलेश श्रीवास्तव और



रवि गौतम को खरीद में तेजी लाने तथा किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में धान लाने से पहले ही पल्ली बिछाकर जगह घेरने का मामला सामने आया। किसानों ने आरोप लगाया कि कुछ व्यापारी भी किसानों की आड़ में जगह घेर रहे हैं, जिससे वास्तविक किसानों को परेशानी हो रही है। किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह ने मंडी की अव्यवस्थाओं का वीडियो जिलाधिकारी को भेजकर शिकायत की थी। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि मंडी में जल्द सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में धान खरीद कराई जाएगी। दलालों को चिह्नित कर बाहर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किसानों को टोकन देकर धान की तौल कराई जाएगी। इस मौके पर रवि देव सिंह, नरसिंह मौर्य, नवीन सिंह, दीपू मिश्रा, सोनू गौतम, रजत मिश्रा, पिंटू तिवारी, विश्राम सिंह और प्रमोद कचेर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली समेत 12 मांगों को लेकर गरजे शिक्षक

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने और पदोन्नति समेत 12 मांगों को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने पर सरकार का आभार जताया। ज्ञापन में 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने, 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजने, प्रमाणपत्रों की एसटीएफ जांच पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके अलावा प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति, गैर–टीईटी शिक्षकों को भी पदोन्नति का अवसर, सेतु पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता खत्म करने, लंबित अंतरजनपदीय स्थानांतरण, 12 वर्ष पर प्रोन्नत वेतनमान, मृतक आश्रितों को शिक्षक पद पर नियुक्ति, विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती और दूसरे शनिवार का अवकाश देने की मांग शामिल है। धरने का संचालन सुरेंद्र कुमार और प्रभात कुमार ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए-विधायक रमाशंकर सिंह पटेल

मीरजापुर । मतदाता जोड़ो अभियान-2026 के तहत बुधवार को जौगढ़ स्थित द कशीष पैलेस में 399-मड़िहान विधानसभा की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी इंजीनियर रमेश पटेल ने



कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने को कहा। उन्होंने कहा, कोई भी योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि 18 वर्ष पूरे कर चुके युवाओं, नवविवाहित महिलाओं और अन्य छूटे मतदाताओं को चिह्नित कर फार्म-6 भरवाकर पंजीकरण कराया जाए। 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता बूथ की सूची का गंभीरता से अध्ययन करें। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रवींद्र नारायण सिंह, मतदाता प्रभारी राजबहादुर सिंह, जिला मंत्री वीरेंद्र कोल, जिला पंचायत सदस्य मनीष सिंह, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 नवंबर को

मीरजापुर। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 19 से 28 नवंबर तक आयोजित होगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 नवंबर को विधायक रत्नाकर मिश्र, रमाशंकर सिंह पटेल, अनुराग सिंह, सुचिस्मिता मौर्य एवं रिंकी कोल करेंगे। प्रदर्शनी में कुल 128 स्टॉल लगेंगे, जिनमें मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, प्रतापगढ़, प्रयागराज सहित विभिन्न जनपदों के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री होगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना है।

पराली जलाई तो लगेगा 30 हजार जुर्माना, पीएम किसान निधि भी रुकेगी

मीरजापुर। पराली जलाने वाले किसानों की अब खैर नहीं। सैटेलाइट से नजर रखी जा रही है। पकड़े गए तो 5 हजार से 30 हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा। साथ ही च्ड किसान सम्मान निधि और खाद-बीज का अनुदान भी रोक दिया जाएगा। उप निदेशक कृषि विकेश पटेल ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह कार्रवाई होगी। सैटेलाइट से सूचना मिलने पर कृषि और राजस्व विभाग की टीम मौके पर जांच करेगी। पुष्टि होने पर जुर्माना वसूला जाएगा। कितना लगेगा जुर्माना 2 एकड़ तक जमीन वाले पर, 5 हजार 2 से 5 एकड़ तक वाले पर ,10 हजार, 5 एकड़ से अधिक वाले पर 30 हजार। पिछले साल 24 घटनाएं मिलीं थीं, जिसमें 2 किसानों पर 5-5 हजार जुर्माना लगा। इस साल अब तक 7 घटनाएं सामने आई हैं। इसमें मझवां ब्लॉक के गड़ौली गांव निवासी जय प्रकाश सिंह पर पराली जलाने पर 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। बाकी 6 घटनाएं कूड़ा जलाने की निकलीं। विभाग ने किसानों से अपील की है कि पराली न जलाएं। इससे खाद बनाएं, गौशाला में दान करें या पशुओं के चारे में इस्तेमाल करें। बायो डी-कम्पोजर डालकर भी पराली को खाद बनाया जा सकता है।

भदोही में शिक्षकों ने मांगों को लेकर धरना दिया, बीएसए को ज्ञापन सौंपा, पुरानी पेंशन और स्थानांतरण समेत कई मांगें रखी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। उत्तर प्रदेश में शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर ध रना दिया और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था, शिक्षक पात्रता परीक्षा और स्थानांतरण समेत कई मुद्दे उठाए।



ज्ञापन में कहा गया कि 1 अप्रैल 2005 या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन व्यवस्था खत्म कर नई पेंशन प्रणाली लागू की गई है। इसमें शिक्षक और सरकार के अंश से जमा धनराशि तीसरे पक्ष को दी जा रही है। शिक्षकों ने इसे जोखिम भरा बताते हुए विरोध जताया।

ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के सिविल अपील नंबर 1385ध्2025 में 1 सितंबर 2025 को दिए आदेश का भी जिक्र है। इसके मुताबिक, उत्तर प्रदेश के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने को शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना जरूरी किया गया है। इस मुद्दे पर ज्ञापन का एक हिस्सा अधूरा और अस्पष्ट है।

शिक्षकों ने विशेष श्रेणी की शिक्षिकाओं के अंतरजनपदीय स्थानांतरण की सूची जल्द जारी करने की मांग की। ज्ञापन के मुताबिक, इसके लिए आवेदन लिए गए थे और शासनादेश में तय तारीख के अनुसार स्थानांतरण होने थे, लेकिन प्रक्रिया अब तक लंबित है। उन्होंने 12 साल की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को चयन वेतनमान के तहत प्रोन्नत वेतनमान देने की मांग भी की। साथ ही, बीएड और टीईटी योग्यताधारी मृतक बेसिक शिक्षकों के आश्रितों को शिक्षक पद पर नियुक्त करने के स्पष्ट निर्देश जारी करने को कहा।

ज्ञापन में हर स्कूल या एक ही परिसर में चल रहे स्कूलों के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी या चौकीदार नियुक्त करने की मांग की गई। शिक्षकों ने अंतरजनपदीय, अंतर्जनपदीय और आपसी स्थानांतरण के आवेदन लेकर आगामी शीतकालीन अवकाश में प्रक्रिया पूरी करने की बात भी रखी।

शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को दूसरे शनिवार और अर्जित अवकाश देने की मांग की। धरने में डॉ. प्रमोद मिश्र, सूबेदार यादव, रविन्द्र, अरविन्द स्थाध्याय, योगेश, नवनीत सिंह, मोनू, वीरेन्द्र सिंह, राजेवून गौतम, माश्मीन बानो, दीपिका मिश्रा, राकेश पारी और मोहन यादर्थ शामिल थे।

वीर शहीदों के बलिदान से रूबरू हुए शेमफोर्ड स्कूल के विद्यार्थी

मीरजापुर । शेमफोर्ड स्कूल नटवा के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने आज शहीद उद्यान का शैक्षिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश की आजादी और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की प्रतिमाओं को देखा।

विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न शहीदों के जीवन परिचय, उनके अदम्य साहस, संघर्ष और देश के प्रति उनके अतुलनीय बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि आज हम जिस स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जी रहे हैं, उसके पीछे अनगिनत वीर सपूतों का त्याग और समर्पण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के साथ-साथ



उनके मन में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय गौरव की भावना जागृत करना था। वीर शहीदों की प्रतिमाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखकर और उनके जीवन की प्रेरक गाथाएँ सुनकर विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिला। शेमफोर्ड स्कूल, नटवा का मानना है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारवान, जागरूक, जिम्मेदार और देश के प्रति समर्पित नागरिक बनाना भी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस शैक्षिक भ्रमण के आयोजन में विद्यालय के सदस्य रेखा श्रीवास्तव, मंजरी खरे, अजीत उपाध्याय, यातायात विभाग के हेड शैलेन्द्र पांडेय, यातायात प्रबंधक अजित यादव एवं धीरज केसरवानी आदि का विशेष सहयोग रहा साथ ही साथ शाहिद उद्यान के देखरेख कर्ता आशुतोष अग्रवाल को सभी ने धन्यवाद किया।

मझवां विधानसभा की मतदाता जोड़ो अभियान की संगठनात्मक बैठक संपन्न

मीरजापुर। बुधवार को मीरजापुर बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मझवां विधानसभा की मतदाता जोड़ो अभियान की संगठनात्मक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मझवां विधानसभा प्रभारी श्रीनिवासन चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

बैठक में मतदाता जोड़ो अभियान को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने, अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम



मतदाता सूची में दर्ज कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक अभियान की कार्ययोजना को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तर कुमार मौर्य, ब्लॉक प्रमुख इंद्र बहादुर पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत त्रिपाठी, जिला महामंत्री डॉ. सी. एल. बिन्द, जिला आई टी संयोजक अमित सिंह,पूर्व जिला मंत्री प्रमोद सिंह, मनीष गुप्ता, मझवां विधानसभा विस्तारक शिवपूजन प्रजापति, मझवां विधानसभा बीएल-1 रामसिंह पटेल, जिला मीडिया सह प्रभारी रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजकध्प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मतदाता जोड़ो अभियान को पूरी सक्रियता, जिम्मेदारी एवं संगठनात्मक समन्वय के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

मीरजापुर में दो हत्याओं पर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिजनों से मिला, निष्पक्ष जांच की मांग

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवकुमार पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ब्लॉक-96 के सेमरी गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने हाल में हुई दो हत्याओं के पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

पहली घटना में 12 वर्षीय प्रिंस बिंद की फिरौती मांगने के बाद हत्या कर दी गई थी। परिजनों के अनुसार आरोपी पिंटू शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ विंध्याचल सहित अन्य थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते आरोपी पर कार्रवाई हुई होती तो माता-पिता के इकलौते बेटे की जान बच सकती थी।

दूसरी घटना 9 नवंबर को हुई, जिसमें गेंदालाल बिंद की शराब की दुकान पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों मामलों में प्रशासन से निष्पक्ष और प्रभावी जांच की मांग की, ताकि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं की



पुनरावृत्ति न हो। प्रतिनिधिमंडल में अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता मिन्हाज अहमद, जिला उपाध्यक्ष गुलाब चंद्र पांडे, सेवादल जिलाध्यक्ष भूपेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पाठक सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में 50 से अधिक निजी कंपनियां देंगी युवाओं को रोजगार का अवसर

काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में 20 नवंबर को आयोजित होगा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत आगामी 20 नवंबर 2026 को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 50 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से 2000 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस रोजगार मेले में अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक योग्यता एवं कौशल के अनुरूप विभिन्न कंपनियों में साक्षात्कार देकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले में सहभागिता के लिए अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम रोजगार संगम पोर्टल (तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद) पर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। पंजीकरण के उपरांत रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की भी व्यवस्था की गई है।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के समस्त बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विभागीय टोल फ्री नंबर 155330 अथवा जिला सेवायोजन कार्यालय, ज्ञानपुर में किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क किया जा सकता है। इस संबंध में किसी प्रकार का अतिरिक्त मार्गव्यय देय नहीं होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने युवाओं से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर रोजगार मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

पंवारा बाजार में बोलोरो ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटा घायल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पंवारा बाजार में बुधवार को तेज रफ्तार बोलोरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला व उसका 6 वर्षीय बेटा घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी सतहरिया में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय ललिता देवी निवासी दारपुर पंवारा अपने 6 वर्षीय पुत्र आर्यश के साथ बाइक पर सवार होकर मुंगराबादशाहपुर की तरफ आ रही थीं। जैसे ही वे पंवारा बाजार पहुंचीं, तभी सामने से आ रही बोलोरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मां-बेटा दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी सतहरिया पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया गया।इस संबंध में पंवारा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अमित शाह से मिले 'हम' पार्टी अध्यक्ष संतोष सुमन, यूपी में मिशन 2027 की तैयारी तेज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संतोष कुमार



सुमन ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में उत्तर प्रदेश में मिशन 2027, एनडीए की एकजुटता और पार्टी के संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष रघु मिश्रा ने बताया कि पार्टी यूपी की 125 विधानसभा सीटों पर संगठन मजबूत करने और गांव-गांव ग्रामीण चौपाल अभियान चला रही है। चौपालों के माध्यम से पेंशन, राशन, आवास, बिजली, रोजगार और बैंक ऋण जैसी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा है। पार्टी गरीबों, शोषितों, वंचितों और स्वर्ण समाज के अधिकारों व सम्मान की रक्षा के लिए विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। ईडब्ल्यूएस के 10 प्रतिशत आरक्षण और आरक्षण समीक्षा के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी मिशन 2027 के तहत प्रदेश में मजबूत राजनीतिक विकल्प बनने की तैयारी कर रही है।

3.52 करोड़ रुपये के गबन मामले में आरोपित की अग्रिम जमानत खारिज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। धोखाधड़ी और कूटरचना कर 3.52 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में आरोपित चंद्रकांत की अग्रिम जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के न्यायाधीश कुलदीप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इनकार कर दिया। अर्जी का विरोध वादी



के अधिवक्ता अनुज यादव ने किया। प्रकरण के अनुसार, व्यापारी नितिन मित्तल ने मंडुआडीह थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि फर्म के माल की बिक्री और वसूली के दौरान फर्जी बिल व गलत जीएसटी नंबरों का इस्तेमाल कर कई व्यापारियों को माल बेचा गया। आरोपितों ने आपसी साजिश के तहत माल की रकम फर्म में जमा नहीं की, जिससे करीब 3 करोड़ 52 लाख 63 हजार रुपये का नुकसान हुआ। इसी मामले में चंद्रकांत ने अग्रिम जमानत मांगी थी।

19 नवंबर को मनाई जाएगी रानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर।मुंगराबादशाहपुर झांसी की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती 19 नवंबर गुरुवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चूड़ी गली, साहबगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।आयोजक जितेन्द्र गुप्ता एवं समस्त मित्रगण ने बताया कि कार्यक्रम में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया जाएगा। साथ ही उनके साहस, त्याग और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया जाएगा।उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई देश की आन-बान-शान, वीरता और स्वाभिमान की प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।आयोजकों ने कहा कि आपकी उपस्थिति ही हमारा उत्साह है। आइए, हम सब मिलकर वीरांगना के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

पागल कुत्ते ने पांच लोगों को काटा, पीएचसी में भर्ती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर।मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को पागल कुत्ते ने पांच लोगों को काट लिया। सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया गया।घायलों में 35 वर्षीय देवेन्द्र, 24 वर्षीय कल्पना, 28 वर्षीय सोनू गुप्ता, 7 वर्षीय इन्दू व 7 वर्षीय दिव्या शामिल हैं। इन्दू व दिव्या तरहटी गांव की निवासी हैं।जानकारी के अनुसार बुधवार को पागल कुत्ते ने एक के बाद एक पांच लोगों को काट लिया। कुत्ते के काटने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया और घायलों को पीएचसी पहुंचाया।पीएचसी में सभी घायलों को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाकर प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है। पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत है। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

योगी से मिले सीएम धामी,यूपी–उत्तराखंड के बीच 20 हजार करोड़ की संपत्तियों का विवाद सुलझा

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच राज्य गठन के बाद से चले आ रहे परिसंपत्तियों के बंटवारे से जुड़े विवादों के समाधान की दिशा में बुधवार को एक और महत्वपूर्ण पहल हुई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच सिंचाई विभाग की परिसंपत्तियों समेत विभिन्न लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शेष प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने और दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय से समाधान निकालने पर जोर दिया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से दोनों राज्यों के बीच भूमि, भवन, सिंचाई परिसंपत्तियों, जल संसाधनों और अन्य विभागीय संपत्तियों के बंटवारे को लेकर कई मामले लंबित रहे हैं। पिछले वर्षों में दोनों राज्यों के बीच कई दौर की वार्ता के बाद महत्वपूर्ण समझौते हुए और बड़ी संख्या में प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया। अब बुधवार की मुलाकात से शेष मामलों को भी गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के हितों से जुड़े विषयों पर सकारात्मक रुख और सहयोग के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। बैठक के बाद सामने आई जानकारी के मुताबिक, दोनों राज्यों के बीच अब तक 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से जुड़े विवादों का समाधान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रगति का श्रेय दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग और बेहतर समन्वय को दिया। हालांकि, कुछ महत्वपूर्ण मामले अभी भी लंबित हैं। बुधवार की बैठक में इनकी प्रगति की समीक्षा करते हुए जल्द निस्तारण पर सहमति बनी। उत्तराखंड के सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से बैठक की तैयारी के दौरान सामने आए ब्योरे के मुताबिक, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और चंपावत जिलों में कुल 659.5 हेक्टेयर भूमि का हस्तांतरण उत्तराखंड को किया जाना है। इसमें हरिद्वार की 615 हेक्टेयर, ऊधमसिंह नगर की 12.5 हेक्टेयर और चंपावत की 32 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इन जमीनों को उत्तराखंड को हस्तांतरित करने पर उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की ओर से पहले ही सहमति जताई जा चुकी है। अब उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शासनादेश जारी होना बाकी है। भूमि के साथ ही इन तीनों जिलों में स्थित 429 आवासीय और 180 गैर आवासीय भवनों का हस्तांतरण भी लंबित



है। इन संपत्तियों के स्वामित्व और हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने से उत्तराखंड को प्रशासनिक और विभागीय स्तर पर सुविधा मिलेगी। इन संपत्तियों के रखरखाव और अतिक्रमण की आशंकाओं को देखते हुए भी इनके स्वामित्व का निर्धारण महत्वपूर्ण है। दोनों राज्यों के बीच सिंचाई विभाग से जुड़े मामलों में खटीमा बैराज का विषय भी महत्वपूर्ण है। खटीमा बैराज की स्थिति खराब हो चुकी है और इसकी निर्धारित कार्यावधि भी पूरी हो गई है। ऐसे में इसके पुनर्निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहमति जरूरी है। इसके अलावा उन परिसंपत्तियों के संरक्षण और हस्तांतरण का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है, जिनका समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है और जिन पर अतिक्रमण की आशंका बनी हुई है। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में प्रस्तावित इकबालपुर नहर परियोजना भी दोनों राज्यों के बीच लंबित महत्वपूर्ण विषयों में शामिल है। करीब 35 किलोमीटर लंबी इस नहर प्रणाली के निर्माण से बहादराबाद, भगवानपुर और नारसन विकासखंडों की लगभग 18,500 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश की ऊपरी गंगनहर से 665 क्यूसेक पानी की आवश्यकता है। उत्तराखंड सरकार इस नहर के निर्माण का खर्च स्वयं उठाने को तैयार है। परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश की सहमति महत्वपूर्ण है।

मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख सकते हैं अखिलेश यादव–मौर्य

राहुल, अखिलेश, तेजस्वी और ममता बनर्जी देश की छवि खराब करने का कर रहे हैं प्रयास

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहे गोरखपुर में यात्रा निकालें, चाहे सैफई में निकालें या लखनऊ में, सपा की राजनीतिक स्थिति बदलने वाली नहीं । समाजवादी पार्टी का भविष्य अंधकार में था, है और रहेगा। अखिलेश यादव 2047 तक उत्तर प्रदेश की सत्ता में आने के मुंगेरीलाल के हसीन सपने जरूर देख सकते हैं, लेकिन धरातल पर उनकी पार्टी सत्ता में नहीं आने वाली है। राहुल गांधी द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे आरोप अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। राहुल देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल गांधी हों, अखिलेश यादव हों, तेजस्वी यादव हों अथवा ममता बनर्जी, इन नेताओं की गतिविधियां देशहित के अनुरूप नहीं हैं। मथुरा में भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय चिंतन बैठक को लेकर अखिलेश यादव की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को भाजपा की चिंता करने के बजाय अपनी पार्टी की वास्तविक स्थिति पर चिंतन करना चाहिए।

68,500 भर्ती अभ्यर्थियों ने मंत्री अनिल राजभर के आवास का घेराव किया

लखनऊ, संवाददाता। राजधानहत्री में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने बुधवार को नियुक्ति की मांग को लेकर मंत्री अनिल राजभर के आवास का घेराव किया। आवास के बाहर करीब आधे घंटे तक नारेबाजी और हंगामा किया। अभ्यर्थी मांग कर रहे थे कि मंत्री बाहर आकर उनकी बात सुनें और नियुक्ति को लेकर समाधान निकालें। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने जमकर नारेबाजी की। वे ऐसी क्या मजबूरी है, आरक्षण की चोरी है और पिछड़ा



आयोग ने माना है, आरक्षण घोटाला है जैसे नारे लगा रहे थे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। अभ्यर्थियों ने मंत्री के आवास के सामने थाली, घंटी और डमरू बजाकर विरोध जताया। कुछ प्रदर्शनकारी जमीन पर लेट गए और हाथ जोड़कर रोते हुए नौकरी की फरियाद करने लगे। उनका कहना था कि लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्ष 2018 में 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती निकाली गई थी। इसमें दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 5: आरक्षण का लाभ मिलना था। आरोप है कि चारों श्रेणियों के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया और उनका परिणाम सामान्य अभ्यर्थियों के साथ घोषित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की मांग है कि भर्ती परीक्षा के पासिंग मार्क्स में 5: की छूट देते हुए परिणाम संशोधित किया जाए। उनका कहना है कि 150 अंकों की परीक्षा में 60 अंक यानी 40: पर परिणाम संशोधित कर नई चयन सूची जारी की जाए। प्रदर्शन कर रहे नवीन ने कहा कि 8 साल से हम नौकरी के लिए भटकरहे हैं। इन्होंने बताया कि इस भर्ती में व्यापक स्तर पर आरक्षण घोटाला हुआ है। राज्य और राष्ट्र पिछला आयोग ने भी मन की घोटाला हुआ है , आरक्षण के नियमों को पालन करने का आदेश दिया।हमारी मांग यही है कि आयोग के आदेशों का पालन हो। 2018 में जब भर्ती निकली थी तो हमने फॉर्म भरा था और जब से लेकर आज तक 8 सालों से सिर्फ चप्पल घिस रहे हैं। तूफान सिंह ने कहा कि दर्जनों बार मंत्री आवास पर आकर उनसे गुहार लगाया अधिकारियों के पास गए मगर कोई भी सुनने वाला नहीं है।

आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

लखनऊ, संवाददाता। इंदिरा नगर के ए–ब्लॉक स्थित मंगलम पार्क में बुधवार को आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधि–विधान से आंवले के पेड़ की पूजा–अर्चना की। धार्मिक गीत गाकर भगवान की आरती की और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान पार्क में भक्तिमय माहौल रहा। कार्यक्रम में रमा शर्मा, नीलम प्रकाश, अनिता गर्ग, गीतांजलि जोशी, वंदना त्रिपाठी, आराधना यादव, दीपिका, सविता अग्रवाल, पूनम, मीना सोती, बीना त्यागी, कविता अग्रवाल, वीना थपलियाल, ममता, मधु मेहता, कमल सक्सेना, भारती, कविता गुप्ता, सारिन और श्वेता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। निरालानगर स्थित बाबा सारण दास मंदिर गौशाला में बुधवार कों गोपाष्टमी और आंवला नवमी उत्सव मनाया गया। अखिल



भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की लखनऊ शाखा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा–अर्चना की। इसके बाद पेड़ की छाया में बैठकर सामूहिक रूप से भोजन किया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कारों और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। समिति की पदाधिकारियों ने बताया कि आंवला नवमी और गोपाष्टमी का आयोजन हर साल भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए किया जाता है। पुराणों में आंवले को अमृत के समान बताया गया है। इसका सेवन मुरब्बा, रस, जूस, चटनी या कच्चे फल के रूप में किया जा सकता है। महिलाओं ने बताया कि आंवले का सेवन कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज को नियंत्रित रखने, बालों का झड़ना कम करने, पाचन तंत्र को बेहतर बनाने और आंखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक माना जाता है। इसलिए इसे दैनिक जीवन में अलग–अलग रूपों में शामिल करना चाहिए। गोपाष्टमी के महत्व पर महिलाओं ने कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया गया है। मान्यता है कि गाय में सैकड़ों देवी–देवताओं का वास होता है। मां हमेशा पूजनीय होती हैं, इसलिए गोमाता की पूजा और सेवा हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रांतीय सचिव अनुराधा बंसल ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को अपनी परंपराओं से जुड़ने और उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संस्कार प्रमुख मीना टोडी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा, राष्ट्रीय सचिव अनुराधा बंसल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मधु लाट, शाखा अध्यक्ष सुशील सचिन (सीए) और कोषाध्यक्ष आभा सहित समिति की सदस्य शामिल रहीं।

उच्च शिक्षा के शिक्षकों की 30 मांगो को लेकर फुपुक्टा के आवाहन पर क्रमिक धरना जारी

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेशश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आवाहन पर पुरानी पेंशन की बहाली, सेवानिवृत्ति की आयु 65 करने सहित 30 मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के इको गार्डेन लखनऊ में चल रहे तीन दिवसीय क्रमिक धरने का आज दूसरा दिन है। आज कानपुर विश्वविद्यालय, आजमगढ़ विश्वविद्यालय, मेरठ विश्वविद्यालय, सहारनपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों ने धरना दिया। धरने की शुरूआत कल 17 नवम्बर को हुई थी जिसमें लखनऊ, फैजाबाद, बरेली, बुंदेलखंड, बलरामपुर विश्वविद्यालय से जुड़े कालेज के शिक्षकों ने धरने में सम्मिलित हुए थे और लुटा अध्यक्ष अनित्य गौरव ने पत्र भेज कर धरने का समर्थन किया गया था, इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस टीचर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने भारी तादात में शामिल हो कर समर्थन किया था। आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा0 अमित कुमार राय ने अपने संगठन की ओर से धरने का समर्थन किया और अपना समर्थन पत्र भी सौंपा। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0 बी0 पाण्डेय व समाजवादी शिक्षक महासभा के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव ने भी धरने का समर्थन कर अपना समर्थन पत्र सौंपा। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा0 अरुणेश त्रिपाठी भी धरने में सम्मिलित हुए और अपने संगठन की ओर से धरने का समर्थन किया। फुपुक्टा के इस चल रहे धरने से यह साबित हो गया है कि उत्तर प्रदेष की राजनीति में इस धरने से उथल–पुथल मच गई है और तमाम विपक्षी पार्टियों आगामी चुनाव में शिक्षकों की इन मांगो को अपने घोषणा–पत्र में शामिल करेंगी। कल धरने के आखिरी दिन फुपुक्टा की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी को शिक्षकों की 30 मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा जाएगा। धरना स्थल पर हुई सभा को संगठन मंत्री डा0 टी0एस0 चौहान, उपाध्यक्ष डा0 प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष हिमांषू सिंह, उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव, संयुक्त संचिव गंगेष दीक्षित, संयुक्त सचिव डा0 अमित कुमार राय, कार्यालय सचिव व मीडिया प्रभारी श्री मनीष हिन्दवी, संयुक्त मंत्री डी0सी0 कटियार, अनिल कुमार यादव कोषाध्यक्ष, रवि चौरसिया संयुक्त मंत्री, डा0 अर्चना दीक्षित उपाध्यक्ष महिला फुपुक्टा, प्रो0 सतीष चन्द्रा, पी0पी0एन0 कालेज कानपुर, समाजवादी षिक्षक सभा के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव ने सम्बोधित किया। धरने में प्रो0 बी0डी0 पाण्डेय अध्यक्ष कूटा, डा0 लोकेश त्रिपाठी अध्यक्ष लुआक्टा, डा0 निरंकार राम त्रिपाठी महामंत्री गुआक्टा, डा0 धीरेन्द्र सिंह पूर्व महामंत्री गुआक्टा, डा0 जयविन्द्र तोमर अध्यक्ष सहारनपुर विष्वविद्यालय, सुभाष चन्द्र महामंत्री सहारनपुर विष्वविद्यालय, मेरठ से डा0 सचिन शर्मा, मूटा अध्यक्ष, विजय राठी अध्यक्ष मूटा, डा0 राहुल उज्जवल महामंत्री मूटा, आजमगढ़ से डा0 शषीकांत राव अध्यक्ष सुआक्टा, बलिया से डा0 भारतेन्दु मिश्रा लोकनायक चन्द्रषेखर विष्वविद्यालय, ए.एन.डी. कालेज कानपुर से डा0 अर्चना आनंद, अकबरपुर जिले से डा0 अभिनव सिंह, आजमगढ़ से प्रो0 राकेश यादव सहित धरने में भारी तादाद में शिषिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी। यह धरना कल तक चलेगा।

पति की हत्या की साजिश रचने के आरोप में प्रेमी सिपाही समेत 5 गिरफ्तार

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में पति की हत्या की साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी सिपाही समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पत्नी आशी मिश्रा ने प्रेमी नितिन राणा के साथ मिलकर पति अनुराग शुक्ला की हत्या के लिए 6 लाख रुपए की सुपारी दी थी। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र का है। 28 अक्टूबर की रात पुरनिया चौराहे के पास केंद्रीय भवन के गेट के नजदीक अनुराग पर गोली चलाई गई थी। गोली उनके दाहिने हाथ की बाजू में लगी थी। पुलिस ने जांच के बाद यूपी पुलिस के सिपाही नितिन राणा, मयंक वशिष्ठ, शुभम शर्मा और शिवम राजपूत को मेरठ से पकड़ा। वहीं, मुख्य साजिशकर्ता बताई जा रही पत्नी आशी मिश्रा को लखनऊ से पकड़ा गया। डीसीपी नार्थ अमित कुमार आनंद ने बताया कि नितिन राणा यूपी पुलिस में 2019 बैच का सिपाही है और मौजूदा समय में रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में तैनात है। साल 2022 में कपूरथला स्थित मां पब्लिक लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात आशी मिश्रा से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। साल 2025 में आशी की शादी अनुराग शुक्ला से हो गई, लेकिन शादी के बाद भी नितिन और आशी का संपर्क बना रहा। नितिन ने आशी को अपने नाम से एक सिम कार्ड भी दिया था, जिससे दोनों बातचीत करते थे।

संक्षिप्त

पीजीआई ईशा फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू हर महीने होंगे 20 योग के सेशन

लखनऊ, संवाददाता। एसजीपीजीआई में फैकल्टी, रेजिडेंट्स और स्टाफ के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए हठ योग कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके लिए संस्थान ने ईशा फाउंडेशन के साथ एमओयू किया है। इसके तहत ईशा फाउंडेशन के प्रशिक्षित शिक्षक हर महीने 20 योग सेशन लेंगे। इनमें संस्थान के कर्मचारियों को उप योग और अंगमर्दन का अभ्यास कराया जाएगा। बुधवार को एचजी खुराना ऑडिटोरियम में संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आरके धीमन ने एमओयू जारी किया। इस दौरान डीन प्रो. मनोज जैन और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर. हर्षवर्धन मौजूद रहे। निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। इससे समग्र स्वास्थ्य बेहतर बनाने के साथ डायबिटीज, हाइपरटेंशन और डिस्लिपिडेमिया जैसी लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों से बचाव में भी मदद मिल सकती है। डीन प्रो. मनोज जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. आर. हर्षवर्धन ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के बीच योग की जरूरत बताई। कार्यक्रम के तहत ईशा फाउंडेशन के शिक्षक हर महीने 20 सेशन लेंगे। इनमें उप योग और अंगमर्दन के चुनिंदा अभ्यास कराए जाएंगे, ताकि संस्थान के कर्मचारी इन्हें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर सकें। ईशा फाउंडेशन की पूर्णकालिक स्वयंसेवक महिमा ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वय नोडल अधिकारी डॉ. शालीन कुमार सिंह और सह–नोडल अधिकारी डॉ. स्वस्ति तिवारी व डॉ. निधि तेजन ने किया। इसमें संस्थान के फैकल्टी, रेजिडेंट्स और स्टाफ ने हिस्सा लिया।

यूपी ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप एवं टीम सिलेक्शन शिविर का शुभारंभ

लखनऊ, संवाददाता। यू पी ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के तीन दिवसीय ट्रेनिंग कैंप एवं टीम सिलेक्शन शिविर का शुभारंभ, मुख्य अतिथि मा. पवन सिंह चौहान एमएलसी द्वारा मोती महल मैदान में, किया गया। सभा की अध्यक्षता इं दिवाकर राय, अध्यक्ष यू पी ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा किया गया। इं दिवाकर राय, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि इस अवसर पर इं हरि किशोर तिवारी, प्रांतीय अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद विशिष्ट अतिथि के रूप में, इं एसपी मिश्रा जी पूर्व अध्यक्ष तथा एच एन मिश्रा जी वर्तमान अध्यक्ष उ प्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, इं श्रवण कुमार यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लोनिवि,इं बलवंत प्रसाद, महासचिव तथा इं विजय कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष वार्डे, इं डी पी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं डा. ए डब्लू सिद्दीकी सचिव सहित उ प्र ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारीयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 2024 में यू पी ब्लाइंड फुटबॉल ऐसोसिएशन की स्थापना के बाद, मोबिलिटी इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से, तीसरी बार ट्रेनिंग कैंप का आयोजन हो रहा है। यू पी ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के बच्चों ने अभी जापान में संपन्न पैरा ओलंपिक एसीयाड में, देश का प्रतिनिधित्व किया है तथा अपने नैसर्गिक खेल से अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है तथा इस कैंप में भी सहभागिता कर रहे हैं। शिविर में मा. पवन सिंह एमएलसी जी ने, अपने संबोधन द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा हर स्तर पर सहयोग एवं उ प्र ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। सभा का संचालन एवं एसोसिएशन के इतिहास एवं गतिविधियों की जानकारी, डा. ए डब्लू सिद्दीकी सचिव द्वारा दिया गया तथा बच्चों के खेलकूद की बारीकियों, संघर्ष एवं धैर्य की सराहना करते हुए, इं दिवाकर राय अध्यक्ष उ प्र ब्लाइंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा समापन किया गया। इससे पहले आज सुबह में, संघ भवन में बच्चों को उनकी जर्सी वितरित की गई। ट्रेनिंग कैंप अगले दो दिनों तक चलेगा।

जनगणना के आधार पर तय होती हैं विकास की योजनाये–केशव

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों से जनगणना की प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर भाग लेने तथा जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को सही, पूर्ण एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। जनगणना राष्ट्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्र एवं राज्य सरकारें जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती हैं तथा देश, प्रदेश, गांव और समाज के समग्र विकास की कार्ययोजना तैयार करती हैं। देश में सामान्यतः प्रत्येक दस वर्ष में जनगणना की प्रक्रिया संपन्न होती रही है। कोरोना महामारी के कारण इस बार जनगणना निर्धारित समय पर नहीं हो सकी, जिसके चलते इसमें विलंब हुआ। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जनगणना की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करे। जब जनगणना से जुड़े कर्मचारी आपके घर पहुंचें तो उन्हें परिवार एवं अन्य निर्धारित विवरणों से संबंधित सही और विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना के दौरान दी गई जानकारी के आधार पर ही सरकार को विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति, जनसंख्या संबंधी आवश्यकताओं और विकास की जरूरतों का आकलन करने में मदद मिलती है। इसी जानकारी के आधार पर केंद्र एवं प्रदेश सरकारें जनहित की योजनाएं तैयार करती हैं, ताकि उनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। विकास योजनाओं का प्रभावी निर्माण तभी संभव है, जब सरकार के पास सही और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हों। श्री मौर्य ने प्रदेशवासियों से पुनः आग्रह किया कि वे स्वयं जनगणना की प्रक्रिया का हिस्सा बनें तथा अपने आसपास रहने वाले लोगों को इसमें सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। जनगणना राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण कार्य है और सहभागी बनना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य एवं गर्व का कार्य है।

पीलीभीत वोटर लिस्ट धांधली : दो पीसीएस अफसर सस्पेंड

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले की मतदाता सूची में अनियमितताओं के मामले में शासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। भारत निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देशों के बाद योगी सरकार के नियुक्ति विभाग ने दो वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारियों में हेमंत कुमार चौधरी और मयंक गोस्वामी शामिल हैं, जो पीलीभीत में उप जिलाधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर तैनात रहे थे।

मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चला जागरुकता अभियान

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का



आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा गांव/कस्बा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूल/कॉलेज पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पूजः// म्बीम्ग्सु दन्.ग्ह पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं / बालिकाओं व स्कूली छात्राओं को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

चेक बाउंस के मुकदमों में अब समझौते से मिलेगी राहत

21 नवंबर को विशेष लोक अदालत लंबी अदालती प्रक्रिया और खर्च से बचने का मिलेगा अवसर

आपसी सहमति से सुलझेंगे एनआई एक्ट के लंबित मामले

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: चेक बाउंस के मामलों में मुकदमेबाजी का सामना कर रहे लोगों के लिए राहत की पहल की गई है, ऐसे लंबित विवादों को लंबी अदालती प्रक्रिया में उलझाए रखने के बजाय आपसी सहमति से समाप्त करने के लिए 21 नवंबर को जनपद न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी, इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निदेशों के अनुपालन में इस विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसका उद्देश्य एनआई एक्ट के लंबित वादों का आपसी सहमति से समाधान कराकर वादकारियों को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय उपलब्ध कराना है। दरअसल, चेक बाउंस से जुड़े विवादों में अक्सर दोनों पक्षों को लंबे समय तक अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ता है, इससे समय और धन दोनों खर्च होते हैं। विशेष लोक अदालत ऐसे पक्षकारों को एक मंच उपलब्ध कराएगी, जहां वे आपसी बातचीत और सहमति के जरिए विवाद का समाधान निकाल सकते हैं, इससे मुकदमेबाजी का बोझ कम होने के साथ ही दोनों पक्षों के बीच अनावश्यक कटुता भी समाप्त करने का अवसर मिलेगा। सचिव ने जनपद के ऐसे सभी वादकारियों से अपील की है, जिनके एनआई एक्ट से संबंधित मुकदमे न्यायालय में लंबित है, वे 21 नवंबर को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों को आपसी सुलह-समझौते से निस्तारित कराने की पहल करें। उन्होंने इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

फ्रेंडशिप कप बास्केटबॉल में रेइंग ने टाइटंस को से हराया

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। केपी बास्केटबॉल अकादमी में आयोजित फ्रेंडशिप बास्केटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में रेइंग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइटंस को 44-28 अंकों से पराजित किया।

केपी कालेज बास्केटबाल कोट पर बुधवार को खेले गए मैच में विजेता टीम की ओर से काव्या ने सर्वाधिक 24 अंक बनाए। ओमजी ने 16 और शिवा ने 4 अंक का योगदान दिया। जबकि पराजित की ओर से प्रणव ने 12, दीप्ति ने 11, युवराज ने 3 और अरव ने 2 अंक बनाए।मैच से पूर्व राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी विपिन खत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमी के कोच रवि प्रकाश मौर्य ने बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। मैच में निर्णायक की भूमिका निखिल चंद्रा ने निभाई।

दिव्यांग पेंशन के लिए अब ग्राम सभा के प्रस्ताव एवं खंड विकास अधिकारी की संस्तुति की नहीं होगी आवश्यकता

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।दिव्यांगजनों के कल्याण एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। दिव्यांग पेंशन योजना की आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाते हुए शासन द्वारा ग्राम सभा के प्रस्ताव एवं खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) की संस्तुति की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इस नई व्यवस्था से पात्र दिव्यांगजनों को पेंशन के लिए आवेदन करने में बड़ी राहत मिलेगी तथा अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री राजीव कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा दिव्यांग पेंशन योजना के नियमों में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव के तहत अब पात्र दिव्यांगजन बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव एवं खंड विकास अधिकारी की संस्तुति के सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पूर्व में दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन करते समय ग्राम सभा के प्रस्ताव अथवा खंड विकास अधिकारी की संस्तुति जैसी औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता था। शासन द्वारा इन औपचारिकताओं को समाप्त किए जाने से अब आवेदन प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को राहत मिलेगी।

आवेदन के लिए अब केवल निर्धारित अभिलेखों की होगी आवश्यकता

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदकों को निर्धारित अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियां अपलोड करनी होंगी। इनमें नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण-पत्र, जन्मतिथि अंकित आयु प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक की कोर बैंकिंग से जुड़ी खाता पासबुक तथा आधार कार्ड की छायाप्रति शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के उपरांत संबंधित कार्यालय द्वारा आवेदक के प्रस्तुत अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पेंशन स्वीकृति से संबंधित अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

जनसेवा केंद्र के माध्यम से कर ङसकेंगे आवेदन, एक सप्ताह के भीतर जमा करनी होगी हार्डकॉपी

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री राजीव कुमार यादव ने जनपद के समस्त पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन नहीं किया है, वे अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवश्यक अभिलेखों के साथ शीघ्र ऑनलाइन आवेदन करें।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की हार्डकॉपी समस्त संबंधित अभिलेखों सहित एक सप्ताह के अंदर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, बलरामपुर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे आवेदन पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

दिव्यांगजनों के लिए राहतकारी कदम, सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ना होगा आसान

शासन द्वारा आवेदन प्रक्रिया में किया गया यह सरलीकरण दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण राहतकारी कदम है। ग्राम सभा के प्रस्ताव एवं खंड विकास अधिकारी की संस्तुति जैसी औपचारिकताओं की अनिवार्यता समाप्त होने से पात्र दिव्यांगजनों को आवेदन प्रक्रिया में सहूलियत मिलेगी।इस नई व्यवस्था से दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी तथा दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

सचिव विहीन चल रहा दो माह से ग्राम सभा

प्रयागराज।ब्लॉक होलागढ़ ग्राम सभा उमरिया सारी उमरिया बादल बाला डीह इन तीनों ग्राम सभा में सचिव के न रहने से ग्राम सभा का काम प्रभावित हो रहा है ग्राम प्रधान उमरिया सारी ने बताया कि हमारे यहां जिन लोगों की मृत्यु हो जा रही है उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बिना सचिव के बनाने में असमर्थ हो रहा हूं और आवास का सत्यापन भी रुका हुआ है हम इसकी सूचना खंड विकास अधिकारी महोदया डॉक्टर जिज्ञासा भारती से भी की लेकिन अभी तक यहां पर कोई सचिव की नियुक्ति नहीं की गई है इसके पहले इस ग्राम सभा में सचिव रवि पांडे थे अब इनका तबादला कल्यानपुर ऊच डीह ग्राम सभा में हो गया है इनके स्थान पर यहां सुशीला पटेल जो कि इसके पहले कल्यानपुर और उच्च डीह में कार्यरत थी लेकिन किसी कारण बस सुशीला पटेल उमरिया सारी उमरिया बादल और बाला डीह में कार्य करना नहीं चाहती क्योंकि उमरिया बादल में गौशाला है खंड विकास अधिकारी महोदय ने सुशीला पटेल को दो तीन कारण बताओं नोटिस भी जारी कर दिया है यह जानकारी ग्राम प्रधान उमरिया सारी ने दी

'इमेजिन-2026' में होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस में 14 विद्यालयों के 123 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। 'कला का प्रयोजन मनुष्य को श्रेष्ठता की ओर ले जाना है' विषय पर आधारित बाल भारती स्कूल, प्रयागराज की ओर से 'इमेजिन-2026' का आयोजन 19 नवंबर से किया जा रहा है। इस आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इसी क्रम में खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिताएं 11, 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में होंगी। इसमें 14 विद्यालयों के कुल 123 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। शतरंज में 65, कैरम में 34 और टेबल टेनिस में 24 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजना तिवारी ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों की देखरेख में संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पठन-पाठन संस्कृति एवं पुस्तकालयों की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता संपन्न



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराजः राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अवसर पर कुलभास्कर आश्रम सनतकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज परिसर में सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ, प्रयागराज शाखा द्वारा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पठन-पाठन संस्कृति एवं पुस्तकालयों की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह प्रतिवर्ष 14 से 20 नवंबर तक मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पुस्तकालय संस्कृति, पठन अभ्यास एवं ज्ञान की साझेदारी को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 सी0 एस0 चौबे ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी इमेजिनेशन पॉवर कमजोर कर रही है, इसका उपयोग ज्ञान को गहराई देने के लिए करें, परंतु पुस्तकों, प्रामाणिक स्रोतों और मानवीय चिंतन की भूमिका को कभी न भूलें।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टी. एन. दुबे रहे जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पुस्तकालय और प्रौद्योगिकी का समन्वय ही छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाएगा।

विशिष्ट अतिथि श्री श्याम मूर्ति शुक्ला ने कहा कि भारत में पुस्तक से पढ़ने के प्रति बड़ी उदासीनता व्याप्त है, ऐसे कार्यक्रमों से जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य श्री लाल जी मिश्र ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्था का हृदय होता है।

कार्यक्रम के दौरान कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय एवं पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र के छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय जागरूकता पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा बधाई एवं सम्मान प्रदान किया गया।

इसी अवसर पर पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण संस्थान के कार्यालय का नवीनीकरण के उपरांत लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष प्रो0 प्रमोद यादव ने किया, जबकि डॉ0 सर्वेश कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रो0 आभा त्रिपाठी, प्रो0 श्रद्धा त्रिपाठी, डॉ0 शिखा जायसवाल, पायल विश्वकर्मा, डॉ0 सर्वेश कुमार, एकता अरोरा, रति सिंह, हरिलाल, कुलदीप एवं श्री मोहनलाल, हर्षिता, आयुष, दीपक कुमार, श्रेया वर्मा, आनंद , विभाष इत्यादि महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

शिवराजपुर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ, यमुना तट से निकली कलश यात्रा



शंकरगढ़ ।शंकरगढ़ क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में कार्तिक मास के पावन उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा का प्रारंभ यमुना तट से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर, पीले वस्त्रों में मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। ढोल-नगाड़े और भजन-कीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा यमुना तट से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजन कर कथा का शुभारंभ किया गया। आयोजन में सात विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पुराण पारायण, द्वादशाक्षर मंत्र जप, गीता पाठ, विष्णु सहस्रनाम पाठ एवं विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता के रूप में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे आचार्य नारायण दत्त शास्त्री ने प्रथम दिवस पर भागवत महात्म्य का वर्णन किया। उन्होंने पुराण की महिमा, कथा सुनने के नियम और मोक्ष प्राप्ति के साधनों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कलियुग में जीवों के उद्धार का सबसे सरल और श्रेष्ठ साधन है। जो श्रद्धा से कथा श्रवण करता है, उसे पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस महाआयोजन के यजमान शशांक धर द्विवेदी हैं।उनके परिवार सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हो रहा है। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। कथा के बाद प्रसाद वितरण का किया गया।

कम्पनी गार्डन में भक्तिभाव से मनाया गया आंवला नवमी पर्व

सुहागिनों ने आंवले के वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी परिवार की सुख-समृद्धि

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के पावन अवसर पर बुधवार को शहर के कम्पनी गार्डन में महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ 'आंवला नवमी' (इच्छा नवमी) का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाओं ने आंवले के वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और संतान की दीर्घायु की कामना की। पूजन के दौरान इस पर्व के धार्मिक और पारिवारिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं ने बताया कि हिंदू धर्म में आंवला नवमी को 'अक्षय नवमी' या 'इच्छा नवमी' के नाम से भी जाना जाता है। विशेष रूप से विवाहित महिलाओं और गृहणियों के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि आंवले के वृक्ष में स्वयं भगवान विष्णु और भगवान शिव का वास होता है। शादीशुदा महिलाओं द्वारा इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा करने, कच्चा सूत लपेटने और परिक्रमा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है, दांपत्य जीवन में मधुरता आती है और परिवार के सभी संकट दूर होते हैं। इस दिन किया गया दान-पुण्य और पूजा अक्षय फल प्रदान करती है, जिससे गृहस्थ जीवन में कभी किसी वस्तु की कमी नहीं रहती और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सुबह से ही कम्पनी गार्डन में पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं का एकत्र होना शुरू हो गया था। सभी ने मिलकर आंवले के वृक्ष की जड़ में जल व कच्चा दूध अर्पित किया, रोली-चावल से तिलक लगाया और धूप-दीप जलाकर विधिवत कथा सुनी। पूजा के उपरांत महिलाओं ने वृक्ष के नीचे ही बैठकर आंवले के प्रसाद व सात्विक भोजन का आनंद लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।? इस पावन अवसर पर अंजू भसीन, रेनू चांदना, शगुन चौहान, उर्वशी त्रिपाठी, आराधना सक्सेना, शीनू गुप्ता और दीपा जैन सहित अन्य महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

चोरी की झूठी सूचना देने के मामले में चार लोगों पर कार्यवाही

चोरी के 3 लाख घर में ही मिले, आपसी विवाद के बाद दी गई थी पुलिस को सूचना

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी क्षेत्र के ग्राम जुगरामऊ में चोरी की झूठी सूचना देने और आपसी विवाद के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की है। पुलिस ने चारों को धारा 170/127/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।17 नवंबर को यूपी-112 के माध्यम से कृष्ण मुरारी कश्यप के घर से तीन लाख रुपये चोरी होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस और पीआरवी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में चोरी की सूचना असत्य निकली। कथित चोरी की धनराशि कृष्ण मुरारी की पतनी सुनीता के पास सुरक्षित मिली।पुलिस जांच में सामने आया कि शालू कुशवाहा और अंश कुमार के बीच मोबाइल फोन पर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग मौके पर एकत्र होकर आपस में विवाद करने लगे। प्रथम दृष्टया आपसी विवाद के चलते पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से चोरी की झूठी सूचना दिए जाने की बात सामने आई।पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद की स्थिति को देखते हुए चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

नील गाय से टकराई बाइक तीन साल के मासूम की मौत

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर गांव के पास सड़क पर अचानक सामने से नीलगाय ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। वहीं एक महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एलची नगर निवासी शिवेंद्र सिंह की तीन वर्षीय पुत्री आर्या अनुपम (27) के साथ बाइक से घर से दिबियापुर जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम बल्लापुर के समीप पहुंची तभी अचानक सड़क पर आई एक नील गाय ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक सवार तीन वर्षीय आर्या और अनुपम दोनों घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मासूम की नाजुक हालत को देखते हुए सैफई रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर सैफई पहुंचे, जहां डॉक्टर ने आर्या को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनुपम के पैर और सिर में चोटें आई हैं। तीन साल की मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में कुछ देर पहले तक खुशियां थीं, वहां चीख-पुकार और मातम छा गया।

कलश यात्रा के साथ साप्ताहिक भागवत कथा का शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। नगर पंचायत अटसू लोहिया नगर में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में भाग लिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कथा स्थल पर विधि-विधान से पूजा के बाद कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक व्यास गौरव कृष्णाजी महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से आध्यात्मिक शांति और सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।आयोजक गंगाराम तिवारी ने बताया कि कथा अपने माता-पिता स्व. श्रीमती सुखदेवी व स्व. बटेश्वर दयाल की स्मृति में सात दिनों तक चलेगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा।

लखीमपुर खीरी में 19 नवंबर से शुरू होगा फाइलरिया उन्मूलन अभियान



प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। कलेक्ट्रेट के अटल सभागार में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला हुई। इसमें सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा व जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर मौजूद रहे।? 19 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलने वाले एमडीए/आईडीए अभियान में बेहजम, फूलबेहड़ व पसगवां ब्लॉक में घर-घर जाकर 1 वर्ष से ऊपर के पात्र लोगों को आशा व फ्रंटलाइन वर्करों द्वारा फाइलरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। छूटे लोगों को बुधवार, शनिवार व रविवार को मॉपअप राउंड में दवा दी जाएगी। अभियान के लिए 756 दो सदस्यीय टीमें (कुल 1512 सदस्य) घर-घर भ्रमण करेंगी, जिनका 155 पर्यवेक्षक सुपरविजन करेंगे। लक्ष्य 8,71,813 लोगों को दवा पिलाने का है।? स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 1 वर्ष से कम बच्चे, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रोगियों को दवा नहीं दी जाएगी। दवा खाली पेट न लें। हल्का चक्कर, उल्टी या बुखार आने पर 1-2 घंटे में ठीक हो जाता है। गंभीर समस्या के लिए ब्लॉक व जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम बनाई गई है।

किसान दिवस में स्व जनगणना के प्रति किसानों को किया जागरूक, प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने किसानों से किया संवाद, कृषि योग्य भूमि के एक हिस्से में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने की अपील

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के समाधान, कृषि योजनाओं की जानकारी और खेती को अधिक टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित हुआ। बैठक में स्व जनगणना को लेकर किसानों को जागरूक करने के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वर्तमान कृषि गतिविधियों एवं खेती से जुड़ी जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी कृषि योग्य भूमि के कम से कम एक हिस्से में प्राकृतिक अथवा जैविक खेती अवश्य अपनाएं। इससे खेती को टिकाऊ बनाने के साथ मृदा की उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। डीएम ने कहा कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनपद में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। इस सकारात्मक स्थिति को बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी की जाए। उन्होंने डीडी कृषि को निर्देश दिए कि पराली जलाने की किसी भी घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा दोषियों पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाए।बैठक के प्रारंभ में डीडी कृषि गिरीश चंद्र ने डीएम, सीडीओ सहित उपस्थित अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों का स्वागत किया। इस दौरान स्व जनगणना से संबंधित पंपलेट वितरित कर किसानों को इसकी प्रक्रिया एवं महत्ता के प्रति जागरूक किया गया। उप कृषि निदेशक ने सभी किसानों से स्व जनगणना में अनिवार्य रूप से सहभागिता करने की अपील की। किसान दिवस में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित 100 से अधिक किसान उपस्थित रहे। अंत में उप कृषि निदेशक ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

ई-रिक्शा के लिए शहर में लागू हुए तीन रंगों के रूट, यातायात व्यवस्था सुधारने की पहल-यातायात प्रभारी संजय सिंह

लाल, पीले और हरे रंग से होगी रूट की पहचान, यातायात पुलिस ने चलाया कलर कोडिंग अभियान



इटावा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा कलर कोडिंग अभियान चलाया। यातायात माह-2026 के अंतर्गत ई-रिक्शा चालकों की इच्छानुसार निर्धारित मार्गों के लिए लाल, पीले और हरे रंग के कलर कोड लगाए गए, जिससे रूटवार ई-रिक्शा संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 15 नवंबर को चलाए गए अभियान के दौरान यातायात प्रभारी संजय सिंह ने यातायात पुलिस टीम के साथ ई-रिक्शा चालकों को उनके निर्धारित मार्गों के अनुसार अलग-अलग रंगों के कोड लगाए। इस पहल से शहर में ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने, यातायात दबाव कम करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलने की उम्मीद है।तीन रंगों में निर्धारित किए गए रूटलाल रंग (रूट नंबर-1): रेलवे स्टेशन से चौधरी पंप तिराहा, बस स्टैंड, पक्का बाग, रामलीला रोड, गाड़ीपुरा चौराहा, नगर पालिका चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, साबितगंज तिराहा, रामगंज चौराहा और तकिया तिराहा होते हुए चौधरी पंप तिराहा से रेलवे स्टेशन तक।

जीआरपी पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोचा,एक वर्ष से फरार वारंटी गिरफ्तार



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। रेलवे पुलिस ने करीब एक वर्ष से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।रेलवे पुलिस के अनुसार, पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश पर रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी की टीम को करीब एक वर्ष से फरार चल रहे वारंटी की तलाश थी। अभियुक्त सतिश उर्फ नामा पुत्र भजनलाल, निवासी ग्राम खलरा, थाना अछल्दा, जिला औरैया, उम्र करीब 58 वर्ष, को मुखबिर की सूचना पर घोड़ा चाय की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में कुल 12 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। इनमें थाना जीआरपी आगरा कैंट, जीआरपी इटावा, जीआरपी टूंडला, जीआरपी फतेहाबाद तथा अन्य थानों के मामले शामिल है। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।18 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे मुखबिर की सूचना पर जीआरपी की टीम ने अभियुक्त को के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक यदुवीर सिंह, उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह, कांस्टेबल रामअवतार और कांस्टेबल योगेश कुमार शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

जेब से गाजियाबाद से फफूंद तक का टिकट बरामद, जीआरपी शिनाख्त कराने में जुटी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दिल्ली- हावड़ा रेलमार्ग पर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। हादसा कंचौसी रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग की ओर अर्द्धनिर्मित बिजली पावर हाउस के पास हुआ। बताया जा रहा है कि कानपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को हुई तो उन्होंने तत्काल कंचौसी चौकी पुलिस और जीआरपी फफूंद को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक



कार्रवाई की। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी प्रभारी फफूंद आरपी सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष है। उसकी जेब से गाजियाबाद से फफूंद तक का रेलवे टिकट मिला है। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी है।

अछल्दा में चोरों का आतंक एक ही रात में तीन सूने मकानों को बनाया निशाना लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के कस्बे में नहर बाजार मोहल्ले में चोरों ने रात में जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक ही रात तीन सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। सुबह लोगों को घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। संजीव यादव पुत्र अनिल कुमार के छोटे भाई का शव सोमवार सुबह झाड़ियों में मिला था। इसके चलते संजीव अपनी पतनी सोनी और बच्चों के साथ नेविलगंज स्थित दूसरे मकान में थे। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बना लिया। पतनी सोनी के मुताबिक, चोर छत का जाल तोड़कर घर में घुसे और सेफ में रखे दो लाख पांच हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। इसके अलावा मोहल्ले के मनीष पुत्र राधेश्याम और आशुतोष पुत्र जितेंद्र कुमार के सूने मकानों से भी नकदी और जेवरात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पर थाना प्रभारी जीतमल चौधरी और कस्बा इंचार्ज रजनीश वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच- पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



रजाउल्लाह और जमाल ने लिए 3-3 विकेट

श्रीलंका की पहली पारी 98 पर सिमटी

नई दिल्ली। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच रावलपिंडी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार से सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट शुरू हुआ। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करते हुए श्रीलंका को पहली पारी में 98 रन पर समेटकर मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बहुत खराब रही। टीम ने 6 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाया और देखते ही देखते ही 36 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा बैठी। इसके बाद कप्तान कुसाल मेंडिस और सोनल दिनुशा ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने छठे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 85 तक पहुंचाया। इस जोड़ी के टूटते ही श्रीलंकाई पारी 35.3 ओवरों में 98 रन पर सिमट गई। मेंडिस 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि सोनल ने 21 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने कप्तान बाबर आजम के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। मोहम्मद अब्बास ने 14 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए।



पीसीबी ने शेन डिट्ज को पाकिस्तान महिला टीम का हेड कोच बनाया

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन डिट्ज को पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में नियुक्त किया है। शेन डिट्ज वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज से कार्यभार संभालेंगे। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद शेन डिट्ज ने कहा, 'पाकिस्तान महिला टीम का हेड कोच बनकर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। पाकिस्तान क्रिकेट का इतिहास बहुत शानदार रहा है और मुझे याद है कि जब मैं एक युवा खिलाड़ी था, तो 1992 में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में उन्हें चीयर करता था, जो पाकिस्तान क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी।'

'सैंडपेपरगेट विवाद पर ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले की तरह अब भी विभाजीत': अश्विन



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की लिखी किताब 'सत्र' की रिलीज के बाद से 2018 में केपटाउन टेस्ट के दौरान हुआ सैंडपेपरगेट कांड फिर से चर्चा में है। इस विषय पर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों के बीच एकमत नहीं है। पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। अश्विन ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सदस्यों के अलग-अलग बयानों पर भी अपनी राय दी। पूर्व भारतीय स्पिनर ने स्टार स्पोर्ट्स के 'सैंडपेपरगेट : द अनसेटल्ड डिबेट' पर कहा, 'इस किताब में उस्मान ख्वाजा ने अपनी कहानी स्पष्ट तरीके से बताई है। यह सामूहिक जवाबदेही मांग रहे हैं। यह कह रहे हैं कि केवल तीन लोग ही इसके बारे में जानते थे, और भी लोग थे।'

उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की मैं एक क्रिकेटर के तौर पर सच में तारीफ करता हूं। उन्होंने उस्मान ख्वाजा के दावों को बेबुनियाद, बकवास और बिना सबूत वाला कहा है। यहीं, डेविड वॉर्नर का बयान ख्वाजा का समर्थन करता है। यह चिंता की बात है, चाहे हम इसे कैसे भी देखें।'

मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स के पहले मैच में कोबोली को हराया

ट्यूरिन। डेनियल मेदवेदेव ने इनाल्पी एरिना में स्थानीय खिलाड़ी और डेब्यू कर रहे पलेवियो कोबोली को 7-6(4), 6-3 से हराकर अपने एटीपी फाइनल्स कैंपेन की शुरुआत की। मेदवेदेव अपने दूसरे एटीपी फाइनल्स टाइटल की तलाश में हैं। मेदवेदेव ने 2019 से 2024 तक लगातार छह बार एटीपी फाइनल्स में जगह बनाई, जिसमें 2020 का उनका यादगार टाइटल शामिल है। उस मौके पर, उन्होंने ट्रॉफी जीतने के रास्ते में वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच, वर्ल्ड नंबर 2 राफेल नडाल और वर्ल्ड नंबर 3 डोमिनिक थिएम को हराया था। 2025 में क्वालिफिकेशन से चूकने के बाद मेदवेदेव ने 2026 सीजन में शानदार वापसी की, चार टूर-लेवल टाइटल जीते और 53 जीत दर्ज कीं। एटीपी टूर पर वर्ल्ड नंबर 1 अलेक्जेंडर ज्वेरेव (66) के बाद यह जीत



की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। चौथी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव का अगला मुकाबला बुधवार को कार्लोस अल्काराज से होगा। इवान लेंडल ग्रुप में 0-1 से पिछड़ने के बाद, कोबोली अब बेरेटिनी, जानिक सिनर और लोरेंजो मुसेट्टी के साथ इस इवेंट में सिंगल्स में जीत दर्ज करने वाले चौथे इटैलियन पुरुष बनने की अपनी कोशिश जारी रखना चाहेंगे। उनका अगला मुकाबला फ्रांसेस टियाफो से होगा।

इससे पहले, दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 6-2 से हराकर इवान लेंडल ग्रुप में 1-0 की बढ़त बना ली थी। अल्काराज साल के आखिर में होने वाले इस इवेंट में चौथी बार हिस्सा ले रहे हैं। उनका सबसे अच्छा नतीजा पिछले साल आया था, जब वह टाइटल मैच में जानिक सिनर से हार गए थे। स्पेन के 23 वर्षीय खिलाड़ी जबरदस्त फॉर्म में उतरी इटली पहुंचे हैं और उन्होंने पिछले महीने पेरिस और वियना में लगातार टाइटल जीते हैं। अल्काराज इस सप्ताह अपने 30वें टूर-लेवल टाइटल और सीजन के छठे टाइटल की तलाश में हैं। कलाई की चोट के कारण वह साल के चार महीने बाहर रहे। अगस्त में यूएस ओपन में वापसी के बाद से उन्होंने अपने 22 में से 20 मैच जीते हैं।

बीबीएल 16

लाबुशेन ब्रिस्बेन हीट के साथ लगातार 11वां सीजन खेलेंगे

ब्रिस्बेन। बिग बैशलीग के 16वें सीजन के लिए ब्रिस्बेन हीट ने मार्नस लाबुशेन को रिटेन किया है। लाबुशेन लगातार 11वां सीजन ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगे। रीसाइन किए गए खिलाड़ियों में लाबुशेन को क्रिस्लिन के साथ रखा गया है। क्वींसलैंड क्रिकेट के जनरल मैनेजर-हाई परफॉर्मेंस बेनेट किंग ने कहा कि लाबुशेन का अनुभव और कॉम्पिटिटिव अप्रोच हीट के लिए टूर्नामेंट की तैयारी में बहुत काम आएगा। किंग ने कहा, 'मार्नस जब भी हीट के लिए खेलते हैं तो अपना शत-प्रतिशत देते हैं। ऐसा बहुत कम है, जो उन्होंने अपने करियर में अब तक क्रिकेट के मैदान पर अनुभव न किया हो। उनकी विविध रिकल्सह में



विरोधी लाइन-अप के खिलाफ मैच-अप और हमारे ओवरऑल स्क्वॉड में संतुलन देंगी।'

हीट ने युवा तेज गेंदबाज टॉम बाल्किन और ओली पेंटरसन को शामिल कर के अपनी 18-सदस्यीय टीम में बची हुई जगहें भी भर ली हैं। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया था। 22 साल के बाल्किन ने पिछले सीजन के पांच मैचों में छह विकेट लिए थे। पेंटरसन, जो 20 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, ने पिछले सीजन में तीन मैचों में चार विकेट लिए थे। पेंटरसन ने घरेलू सर्किट में भी शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार दूसरे सीजन में टी20 मैक्स टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दोनों युवा खिलाड़ियों ने क्वींसलैंड के लिए डोमेस्टिक वनडे कप में अपना लिस्ट ए डेब्यू किया है, जबकि बाल्किन ने शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया है। किंग ने कहा, 'मार्नस जैसे बहुत अनुभवी खिलाड़ी और टॉम और ओली जैसे दो युवा तेज गेंदबाज, जिन्होंने बीबीएल में पहले ही दिखा दिया है कि वे क्या कर सकते हैं, के साथ अपनी स्क्वॉड को पूरा कर पाना हमें अगले महीने होने वाले कॉम्पिटिशन में एक मजबूत स्थिति में रखता है।'

धोनी ने आईपीएल से लिया संन्यास

चेन्नई सुपर किंग्स में अब निभाएंगे नई भूमिका, किस तरह गंभीर की राह पर चले माही



धोनी के बिना CSK नहीं



चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन ने धोनी के साथ अपने करीब दो दशक पुराने रिश्ते को याद किया। उन्होंने साफ कहा कि धोनी के बिना चेन्नई सुपर किंग्स की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रीनिवासन ने कहा, 'एमएस धोनी के बिना सीएसके नहीं है। करीब दो दशकों से हम एक-दूसरे के साथ आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने सफलता, मुश्किलें और हर तरह के उतार-चढ़ाव साथ देखे हैं।' उन्होंने धोनी के साथ अपने रिश्ते की मजबूती का राज भी बताया। श्रीनिवासन के मुताबिक, दोनों के बीच भरोसा हमेशा सबसे अहम रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारा रिश्ता इतना मजबूत होने की एक ही वजह है - हम एक-दूसरे की नीयत पर सवाल नहीं उठाते। इसी भरोसे ने इस सफर को मुमकिन बनाया है।' श्रीनिवासन ने 2008 में हुए पहले आईपीएल ऑक्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उस समय उन्होंने धोनी को चेन्नई की टीम में शामिल करने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, '2008 में मैंने जोर दिया था कि धोनी सीएसके का हिस्सा होने चाहिए। यह मेरा लिया हुआ सबसे अच्छा फैसला साबित हुआ। सिर्फ फ्रेंचाइजी के लिए उनकी उपलब्धियों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए भी कि वह एक बेहतरीन इंसान हैं।'

चेन्नई। आईपीएल 2027 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया है और अब वह मैदान पर खिलाड़ी के बजाय नई भूमिका में नजर आएंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2027 से टीम का मेंटर बनाने का फैसला किया है। हालांकि, उनका फ्रेंचाइजी से जुड़ाव पहले की तरह बना रहेगा।

अब खिलाड़ी नहीं, मेंटर की भूमिका में दिखेंगे धोनी

धोनी ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार चैंपियन बनाया है। उनकी कप्तानी में टीम ने कई यादगार सफलताएं हासिल कीं। अब आईपीएल में उनका सफर बतौर खिलाड़ी खत्म हो गया है। वह टीम के डाआउट में मेंटर की भूमिका निभाएंगे और अपने अनुभव से खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। धोनी का चेन्नई के साथ रिश्ता बेहद खास रहा है। वह फ्रेंचाइजी की पहचान बन चुके हैं और उनके फैसलों तथा नेतृत्व क्षमता ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हालांकि, बतौर मेंटर वह गौतम गंभीर की राह पर चल पड़े हैं। गंभीर ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर की भूमिका निभाई थी। उनकी देखरेख में केकेआर अपने पहले ही सीजन में चैंपियन बनी थी। अब धोनी भी सीएसके की खोई हुई साख वापस लाने की कोशिश करेंगे।

ष्टस्य मालिक एन श्रीनिवासन ने कही बड़ी बात

चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन श्रीनिवासन ने भी धोनी के महत्व पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि पूर्व भारतीय कप्तान हमेशा फ्रेंचाइजी की पहचान का अहम हिस्सा रहेंगे। खिलाड़ी के तौर पर उनकी भूमिका भले ही बदल रही है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका जुड़ाव पहले की तरह मजबूत बना रहेगा। धोनी के मेंटर बनने से टीम को उनके लंबे अनुभव का लाभ मिलेगा। खासकर युवा खिलाड़ियों को उनके मार्गदर्शन में खेलने और सीखने का मौका मिलेगा।



न्यूजीलैंड को लगा तगड़ा झटका

मिशेल सेंटनर भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू हो रही 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को तगड़ा झटका लगा है। अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर दाहिने हाथ में फ्रैक्चर की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सेंटनर को यह चोट रविवार रात माउंट माउंगानुई में भारत के खिलाफ पांचवें वनडे में अर्शदीप सिंह के फेंके बाउंसर से लगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट की एक रिलीज के मुताबिक, 'स्कैन से पता चला है कि सेंटनर के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनके शामिल होने की जानकारी सही समय पर दी जाएगी।' टेस्ट सीरीज के लिए मिशेल सेंटनर की जगह न्यूजीलैंड टीम में स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को शामिल किया गया है। 28 साल के फॉक्सक्रॉफ्ट ने मई में वेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। उन्होंने उस मैच में 98 रन बनाए थे। सेंटनर



की गैरमौजूदगी में एक स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में ग्लेन फिलिप्स की भूमिका अहम होगी।

चोट सेंटनर की टेस्ट उम्मीदों के लिए एक झटका है, क्योंकि उन्होंने बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के एक आकर्षक ऑफर को ठुकरा दिया था ताकि वे सभी फॉर्मेट में अपने न्यूजीलैंड करियर पर ध्यान दे सकें। सेंटनर ने उस समय न्यूजीलैंड हेराल्ड से कहा था, 'जब आप आगे की गर्मियों को देखते हैं, भारत यहां सफेद गेंद और टेस्ट के लिए है और

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोलस, विल यंग, ??डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, ब्लेयर टिकनर।

वेलिंगटन टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन पर कप्तान गिल का संकेत

'चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर'

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच गुरुवार से 2 टेस्ट मैचों की सीरीज वेलिंगटन में शुरू हो रही है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने संकेत दिया है कि टीम इंडिया 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने के संकेत दिए। हालांकि, उन्होंने ये स्पष्ट नहीं किया कि चार पूर्ण तेज गेंदबाज होंगे या तीन तेज गेंदबाजों के साथ एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को प्लेइंग इलेवन में जगह दी जाएगी। गिल ने कहा, 'हमने यहां जो टेस्ट मैच देखे हैं, उनमें पहले दो दिन अलग मैच होते हैं और अगले तीन दिन थोड़े अलग मैच होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हम एक ऐसा पेस अटैक चाहते हैं जो स्विंग और सीम मूवमेंट के साथ ही पिच के फ्लैट होने की स्थिति में भी प्रभावी हो।' उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से चार तेज गेंदबाजी विकल्प चाहते हैं, लेकिन हम अभी भी तय कर रहे हैं कि वे तेज गेंदबाज कौन से हैं। हमने कई बार तीसरे, चौथे और पांचवें दिन देखा है कि विकेट, खासकर पुरानी गेंद से, थोड़ा फ्लैट हो जाता है, इसलिए हमारी फास्ट-बॉलिंग यूनिट से, हम ऐसा चाहते हैं जिसके पास पेस हो, कोई ऐसा जो लगातार सही एरिया में हिट कर सके, और फिर जाहिर है कि एक छोर से कंट्रोल करने के लिए एक स्पिनर के साथ जाना चाहिए, क्योंकि अगर हवा तेज हो तो हवा के खिलाफ गेंदबाजी करना आसान नहीं होगा। तेज गेंदबाज की भूमिका लगभग आधी हो जाती है, अगर वो हवा के खिलाफ गेंदबाजी कर रहा हो, इसलिए बहुत सारे फैक्टर हैं जिन पर हम ध्यान देंगे।'

भारत की प्लेइंग इलेवन में



रवींद्र जडेजा अकेले स्पिनर हो सकते हैं, जो नंबर 7 पर बल्लेबाजी करेंगे। टीम में बल्लेबाजी ऑर्डर पर गिल ने कहा, 'हम सात बल्लेबाज देख रहे हैं और फिर आठ और नौ इस पर निर्भर करेंगे। आकाश और अंशुल थोड़ी बल्लेबाजी कर सकते हैं। अगर हम रेड्डी के साथ भी जाते हैं, तो वह एक पूर्ण बल्लेबाज है, इसलिए हम देखेंगे कि हम किस तरह के कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहते हैं और हम असल में क्या करना चाहते हैं।

IPL 2027 में नहीं खेल पाएंगे ट्रेविस हेड, एसआरएच को फैसले की जानकारी दी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2027 (आईपीएल 2027) से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के लिए खेलने वाले ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आईपीएल का अगला सीजन नहीं खेलने का फैसला किया है। हेड ने अपने फैसले की जानकारी एसआरएच मैनेजमेंट को दी है। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, हेड ने एसआरएच को आईपीएल के अगले सीजन में नहीं खेलने के अपने फैसले के बारे में



बताया है। अगले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया का इंटरनेशनल शेड्यूल बहुत व्यस्त रहेगा। ट्रेविस हेड इसी वजह से आईपीएल का अगला सीजन नहीं खेल पाएंगे। अगस्त की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने क्रिकइन्फो को बताया था कि ऑस्ट्रेलिया को कुछ फैसले लेने होंगे, क्योंकि उनके लिए बहुत सारी जरूरी प्राथमिकताएं सामने हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने का मौका चाहेगी, जो आईपीएल खत्म होने के ठीक बाद है।

किसान दिवस में सुनी गई किसानों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी के निर्देशन में सीडीओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आयोजित हुआ। सीडीओ ने किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को चिन्हित कर सम्मानित करने और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। कहा कि सभी विभाग योजनाओं की पात्रता व संपर्क विवरण सहित जानकारी किसानों तक पहुंचाएं। कृषि विभाग ने यंत्रों पर 40-50इ, फार्म मशीनरी बैंक पर 80इ, बीजों पर 50इ तक अनुदान और फसल बीमा में खरीफ में 2इ व रबी में 1.5इ प्रीमियम की जानकारी दी। उद्यान विभाग ने आलू बीज पर 1000 रुपये प्रति कुंतल अनुदान सहित अन्य योजनाएं बताईं। किसानों ने मधुमक्खी पालन ऋण, बकाया गनन भुगतान, सड़क निर्माण व पैमाइश की मांग उठाई। लगभग 40 किसानों ने प्रतिभाग किया।

पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान विभिनन् क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपी ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे पीडि़तों को समय से न्याय मिल सके।

डायट पटनी में तीन दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण का समापन

चिलकाना। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पटनी में आयोजित तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को विद्यालय सुरक्षा, छात्र-छात्राओं की शारीरिक एवं भावनात्मक समस्याओं, साइबर अपराधों से बचाव, अगिन् सुरक्षा तथा प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गई।प्रथम दिन मिशन शक्ति 6.0 के तहत एसआई सुमन ने



महिला एवं छात्रा सुरक्षा पर जागरूक किया। साइबर क्राइम इंचार्ज आशीष ने ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। दूसरे दिन एफएसओ ऋषभ पंवार ने अगिन् सुरक्षा एवं अगिन्शमन यंत्रों के सुरक्षित प्रयोग की जानकारी दी। अंतिम दिन सीएचसी सरसावा के डॉ. पवन पटेल ने प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, संक्रामक रोगों एवं टीकाकरण के बारे में बताया।

समापन अवसर पर उप शिक्षा निदेशक राजेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र अधिकारी, डॉक्टर अजय कुमार, डायट प्रवक्ता पूजा सैनी, पंकज यादव, बलप्रीत बाजवा, राजेंद्र कुमार एवं संगीता संधू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौशाला में गौवंश की दुर्दशा पर सवाल पूछने पर कार्यकर्ताओं पर हमला, झूठी एफआईआर का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। गौ रक्षा नारी रक्षा सेवा दल के कार्यकर्ता गौ माता को खिलाने के लिए सामग्री लेकर गौशाला लोहागढ़, खीरी गए थे। वहां उन्होंने देखा कि गौ माता की स्थिति बहुत खराब थी और कुछ गौ माता मृत अवस्था में गौशाला में पड़ी थीं। संगठन के पदाधिकारी परिमल सिंह, सुधीर सिंह, प्रमोद सिंह, सूरज सिंह निवासी गांव तेनुआ, मितौली ने प्रधान से पूछा कि मृत गौ माता का अंतिम संस्कार क्यों नहीं किया गया, तो प्रधान गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि प्रधान ने गौशाला में काम कर रहे लोगों के साथ मिलकर कार्यकर्ताओं पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बचाव में कार्यकर्ता वहां से भाग गए।संगठन का आरोप है कि प्रधान ने अपनी कमी प्रशासन तक न पहुंचे, इसलिए कार्यकर्ताओं के विरुद्ध झूठी इंे नंबर 419/2026 दर्ज करा दी। संगठन ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर प्रधान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जांच न हुई तो खीरी में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

धर्म तथा नीति एवं प्रेम का मार्ग प्रशस्त करती है भगवान की बाल लीलाःडॉ. विनोद

वीरबल गांव में हो रही भगवान की कथा में उमड़े श्रद्धालु

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रतापगढ़। ढ़िगवस के समीप वीरबल गांव में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला तथा भगवान गोवर्धन के पूजन महत्व की कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास डॉ. विनोद शुक्ल जी ने बताया कि कन्हैया की बाल लीला भी धर्म तथा नीति एवं परस्पर प्रेम के मार्ग को प्रशस्त किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल लीला में मां की ममता तथा गो सेवा एवं प्रकृति के संरक्षण के प्रति जीव को कर्तव्य पालन की सीख दी है। डॉ. विनोद शुक्ल जी ने कहा कि भगवान के प्रति मन के अनुराग का प्रतिफल सदैव सुन्दर हुआ करता है। उन्होने कहा कि भगवान भक्ति और भक्त दोनों के प्रति सदैव सहजता और कृपालुता के गुणी हैं। संचालन करते हुए पं. रामप्रकाश त्रिपाठी ने भगवान के बाल चरित्र का मनमोहक वर्णन किया। गोवर्धन पूजन में श्रद्धालुओं को आनंदित देखा गया। कथा के संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य विनोद शंकर दुबे, आशा देवी, शोभा देवी, अनिल तिवारी, मनीष द्विवेदी ने व्यासपीठ का पुष्प एवं अक्षत तथा श्रीफल के साथ पूजन अर्चन किया। इस मौके पर रज्जन मिश्र, विश्वभवन शुक्ल, समरजीत सिंह, दिवाकर नाथ शुक्ल, अनिका द्विवेदी, मंगला प्रसाद मिश्र, संतोष मिश्र, छाया मिश्रा, उर्मिला मिश्रा, उषा त्रिपाठी, माया पाण्डेय, ममता शुक्ला, अनीता पाण्डेय, चारू मिश्रा, मधु पाण्डेय, संतोष भूषण शुक्ल, रामकरन मिश्र, शिवकुमार खरे, त्रिभुवन मिश्र, हरीश मिश्र, हरिशंकर द्विवेदी आदि रहे।

इंदिरा गांधी जयन्ती आज

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर आज दिन में बारह बजे लालगंज चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ता इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यह जानकारी केडी मिश्र ने दी है।

खाते से उड़ाये लाखों, केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। गूगलपे एकाउंट हैक करके पीड़ित के खाते से एक लाख रूपये निकाल लिये जाने को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर निवासी नियाज अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सगरा सुंदरपुर में खाता है। आरोप है कि उसका गूगलपे एकाउंट हैक करके अज्ञात आरोपी ने आटो डेबिट लगाकर दस बार में एक लाख रूपये निकाल लिया। पीड़ित ने सत्रह नवंबर को पुलिस को अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जर्जर सड़क और जलभराव से रानी कॉलोनी के लोग बेहाल

गंदे पानी के जमाव से आवागमन प्रभावित, संक्रामक बीमारियों का खतरा



प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। शहर की रानी कॉलोनी में अंबेडकर स्कूल के बगल और पीछे जर्जर खरंजा तथा जलभराव की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासियों के मुताबिक सड़क का कट स्टोन खरंजा दोनों ओर से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, गंदगी और कीचड़ के चलते संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर सड़क की मरम्मत कराने और जल निकासी की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में उदयभान सिंह, रामेश्वर सिंह, अंगद सिंह, राकेश कुमार, विनोद मौर्य, रुबीना परवीन सहित अन्य लोग शामिल रहे।

गंदगी के ढेरों से ग्रामीणों मे रोष, संकरी सड़क होने से बना दुर्घटनाओ का खतरा

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। क्षेत्र के गांव सीकरी कला में मुख्य सड़क और गलियों में जगह-जगह लगे गंदगी के बड़े-बड़े ढेर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। गांव की मुख्य सड़क पर कूड़े के ढेर लगे होने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क छोटी और सकरी होने के कारण गंदगी के ढेरों से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इसके अलावा लंबे समय से जमा कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। गंदगी के चलते बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण मोनू, राजकुमार, शुक्रपाल, सोनू, प्रिंस और पंकज आदि ने बताया कि मुख्य सड़क के साथ-साथ गांव की गलियों में भी जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। कूड़े के कारण लोगों को अपने घरों से निकलने और सड़क से गुजरने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में विशेष सफाई अभियान चलाकर मुख्य सड़क और गलियों में जमा कूड़े को तत्काल उठवाने की मांग की।

हैदरपुर और कोलाखेड़ी में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित, बीमा लाभाथिर्यों को मिले दो-दो लाख रुपये के चेक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

गंगोह (सहारनपुर)। वित्तीय साक्षरता केंद्र (एइथ), नकुड़ की ओर से गंगोह क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर एवं कोलाखेड़ी में वित्तीय साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के सफल आयोजन में आरोह फाउंडेशन के प्रतिनिधि कर्णवीर सैनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन, अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय तथा ग्रामीणों तक वित्तीय जागरूकता संबंधी जानकारियां पहुंचाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (ॅघ) के थ्अ्ध श्री व.ए. कालरा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अग्रणी जिला बैंक कार्यालय सहारनपुर की ओर से सैयद शान हुसैन तथा आरोह फाउंडेशन की ओर से



सुमित चौधरी एवं कर्णवीर सैनी मौजूद रहे। इसके अलावा इंडियन बैंक महंगी के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

ईएलसी की जिला स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता संपन्न, 10-10 प्रतिभागियों का हुआ चयन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ईएलसी के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज, नेहरू मार्केट में जिला स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें 140 विद्याथिर्यों ने भाग लिया, जिनमें 70 निबंध और 70 क्विज में शामिल हुए।क्विज प्रतियोगिता –1. सार्थक चौरसिया, डीएवी पब्लिक स्कूल, रसूलपुर2. सानिया, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, गागलहेड़ी3. सबा अंसारी, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, सहारनपुर

निबंध प्रतियोगिता –

1. सुनेना, राजकीय इंटर कॉलेज, गुमटी
2. खुशनसीब, राजकीय इंटर कॉलेज, गुमटी
3. नैना कश्यप, डीएवी पब्लिक स्कूल, रसूलपुर

जिला विद्यालय निरीक्षक हर्षदेव स्वामी ने चयनित 20 विद्याथिर्यों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में जिला नोडल अधिकारी सचिन त्यागी, स्मिता सिंह और विमल तिवारी का सहयोग रहा।

22 नवंबर को शाम 6:00 बजे आयोजित होगी ब्लैक आउट मॉकड्रिल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आहूत की गयी। बैठक में शासन के निर्देशानुसार 22 नवंबर 2026 को शाम 06:00 बजे एस0ए0एम0 इन्टर कॉलेज पर ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज करने एवं 19 नवंबर से 21 नवंबर तक अपरान्ह 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक हवाई हमले से बचाव एवं राहत कार्यों का प्रशिक्षण आयोजित करने का निणर्य लिया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा मॉक एक्सरसाइज में उपस्थित विभागों के प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों एवं कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा शैलेन्द्र कुमार द्वारा मॉक एक्सरसाईज के दौरान प्रभावित क्षेत्र में यातायात नियन्त्रण एवं मलबे की सफाई जैसे बिन्दुओं पर अपने विचार व्यक्त किये गये। उप नियन्त्रक नवीन नारंग द्वारा मॉक एक्सरसाईज को चरणबद्ध कराने का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, नागरिक सुरक्षा के वरिष्ठ वार्डन एवं अगिन् शमन, एन0सी0सी0 83 बटालियन, एस0एम0 इन्टर कालिज के प्रधानाचार्य एवं अन्य विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



पुलिस की सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर आगामी त्यौहार , जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस द्वारा सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार पैदल गश्त की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य स्पष्ट है–जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखते हुए प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना।

सहारनपुर पुलिस – आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता ।